17 april satyajay times:29-dummy-1 4/16/2026 10:44 PM Page 1

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित एनसीआर (इंडिया) का हिन्दी दैनिक

मो.9643311765

# सत्यजय टाईम्स

SJT

हिन्दी दैनिक

वर्ष-15 अंक-105 शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद (एनसीआर) से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

## एक नजर

### हरियाणा कांग्रेस के पांच विधायक निलंबित

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक अनुशासन तोड़ने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच विधायकों को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि नारायणगढ़, सढौरा, रतिया, पुनहाना और हथीन से विधायक शैली चौधरी, रेणु बाला, जरनैल सिंह, मोहम्मद इलियास और मोहम्मद इसराइल के खिलाफ यह कदम उठाया गया है। बताया गया है कि इन विधायकों ने हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया, जिसे गंभीर अनुशासनहीनता माना गया। यह कार्रवाई प्रदेश अनुशासन समिति की सिफारिश ...

शेष पेज 4 पर...

### सीएमओ में विभागों का फेरबदल

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक सुचारू बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के बीच विभागों के कामकाज का नये सिरे से बंटवारा किया गया है। हाल ही में अतिरिक्त प्रधान सचिव के पद से साकेत कुमार की विदाई और उप सचिव के रूप में अजय कुमार की नियुक्ति के बाद यह पुनर्गठन किया गया है। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के पास गृह, एक्साइज, फाइनेंस और विजिलेंस समेत 18 विभागों के कामकाज की जिम्मेदारी रहेगी। खुल्लर मुख्यमंत्री कार्यालय के ओवरआल इंचार्ज भी रहेंगे। सीएम के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता के पास 10 विभागों की जिम्मेदारी रहेगी, जबकि सीएम के उप प्रधान सचिव यशपाल को नौ विभागों की ...

शेष पेज 4 पर...

# मुख्यमंत्री ने हरियाणा में जनगणना 2027 के पहले चरण का किया शुभारंभ

- स्व-गणना आज से शुरू, पहली बार डिजीटल गणना का क्रियान्वयन।

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज राज्य में स्व-गणना प्रोसेस शुरू करके जनगणना 2027 के पहले चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना एक अनिवार्य राष्ट्रीय दायित्व है जो नियमित अंतराल पर किया जाता है, और एकत्रित किया गया डेटा आसान, सुरक्षित और पूरी तरह से गोपनीय होता है। उन्होंने आगे कहा कि डेटा समाज के अलग-अलग वर्गों के लिए योजनाएं बनाने और विकास का भविष्य तय करने में अहम भूमिका निभाता है। इस जनगणना की थीम पर रोशनी डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जनगणना 2027 की टैगलाइन, ह्यहमारी सेंसस, हमारा डेवलपमेंट,ह्व इस देश भर में चलने वाले अभियान की अहमियत को दिखाती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सेंसस डेटा 2047 तक एक विकसित भारत के विजन को पाने में बहुत काम आएगा, और उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सहयोग देने की अपील की। इस मौके पर, जनगणना 2027 के लिए हरियाणा स्टेट नोडल ऑफिसर, रेवेन्यू और डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और फाइनेंशियल कमिश्नर डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि सेल्फ-एन्यूमरेशन 16 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक चलेगा, इसके बाद 1 मई से 30 मई, 2026 तक हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस गतिविधि होगी। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय मिशन के लिए पूरे हरियाणा में अच्छी तरह से ट्रेंड टीमों को लगाया जा रहा है।

हरियाणा स्टेट डायरेक्टरेट ऑफ सेंसस ऑपरेशंस के डायरेक्टर, श्री ललित जैन ने कहा कि उनका विभाग हरियाणा राज्य की पहली डिजिटल जनगणना के लिए पूरी तरह तैयार है। 7,000 से 65,000 ट्रेंड सेंसस वर्कर्स के साथ, नागरिक सुविधाजनक मल्टीलिंगुअल पोर्टल और मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करके कहीं से भी स्व-गणना कर सकते हैं, जिससे गणक के साथ सिर्फ. आई डी शेयर करके समय की बचत होगी। उन्होंने



भरोसा दिलाया कि सारा डेटा गृह मंत्रालय के सुरक्षित सर्वर पर स्टोर है, जिसे रिस्पॉन्डेंट सहित कोई भी एक्सेस नहीं कर सकता, और सिर्फ. मैक्रो-लेवल डेटा ही रिलीज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा के सभी निवासियों से अपील की कि वे सेल्फ-एन्यूमरेशन प्रोसेस में सक्रिय भागीदारी निभाएं और se.census.gov.in के जरिए सही जानकारी दें, ताकि देश के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्य में हर घर की गणना हो सके।

# भारत और ऑस्ट्रिया के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

## पीएम मोदी ने ऑस्ट्रियाई चांसलर स्टॉकर से की मुलाकात, द्विपक्षीय सहयोग पर हुई बात

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत और ऑस्ट्रिया के बीच आपसी रिश्तों को और मजबूत करना है। बैठक के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद थे। इस बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इसके बाद दोनों देश ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर की।



इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ संयुक्त प्रेस बयान में दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि चांसलर का यह दौरा व्यापार और निवेश में नई ऊर्जा लाएगा। उन्होंने बताया कि भारत और ऑस्ट्रिया मिलकर टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन को मजबूत करेंगे, ताकि दुनिया को भरोसेमंद समाधान मिल सके। उन्होंने कहा कि दोनों देश रक्षा, सेमीकंडक्टर, क्वांटम और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाएंगे। साथ ही क्क्ल दिल्ली और ऑस्ट्रिया की मॉन्टेना यूनिवर्सिटी के बीच हुआ समझौता इस सहयोग का अच्छा उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि 2023 में हुए माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौते के तहत अब नर्सिंग सेक्टर में भी लोगों के आने-जाने को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा रिसर्च और स्टार्टअप्स में भी दोनों देश साथ काम करेंगे। भारत और ऑस्ट्रिया ने मिलकर 'वर्किंग हॉलिडे प्रोग्राम' भी शुरू किया है, जिससे युवाओं को नए अवसर मिलेंगे।

- व्यापार, निवेश और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर सहयोग बढ़ाने पर फोकस।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा वैश्विक तनाव के बीच दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, दोनों देश शांति और स्थिरता का समर्थन करते हैं। दोनों नेताओं ने वैश्विक संस्थाओं में सुधार और आतंकवाद को खत्म करने पर भी सहमति जताई। इससे पहले ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को ...

शेष पेज 4 पर...

संजय गुप्ता (M) : 9899698850
संजय बैटरी वाला
हमारे यहाँ पर सभी गाड़ियों की बैटरी मिलती है।
ROZ
LUMINOUS
Jis Pe Desh Kare Bharosa
POWERZONE
HUSKY
शॉप नं०-D-875, 100 फुट रोड़, श्री देवगुरु बृहस्पति देव चौक, श्याम कालोनी, बल्लबगढ़ -121004, फरीदाबाद (हरियाणा)
Customer Care No. : 7042939131

# सभी नगर निकायों में एक मई से दो सप्ताह तक चलेगा स्पेशल स्वच्छता अभियान : मुख्यमंत्री

## नायब सैनी प्रदेश की नवगठित वार्ड समितियों के सदस्यों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुए रुबरु

- शहरों की स्वच्छता में सदस्यों की होगी अहम भूमिका : नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि राज्य के सभी नगर निकाय संस्थानों में आगामी एक मई 2026 से दो सप्ताह के लिए स्पेशल स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, इस अभियान के अलावा वर्षभर चलने वाले सफाई कार्यों में वार्ड समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी।

उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी जिमेदारी समझकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के विजन को लक्ष्य तक पहुंचाना है। स्वच्छता के मामले में बेहतरीन कार्य करने वाले वार्डों को रैंकिंग के आधार पर उनको इन्सेंटिव देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों में नवगठित वार्ड समितियों के सदस्यों से रुबरु हो रहे थे। नायब सिंह सैनी ने सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था लोगों की सहभागिता से ही संभव है, क्योंकि जब तक प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता की स्वयं जिम्मेवारी नहीं लेगा तब तक इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाना संभव नहीं है। उन्होंने समिति के सदस्यों से आान किया कि वे अपने - अपने क्षेत्र के शहरी नगर निकाय में कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार से मिलकर उनके वाहन का रुट प्लान इस तरह से तैयार करें कि हर घर तक वाहन पहुंचे और सभी घरों का समय पर कूड़ा उठान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने इन सदस्यों से स्वच्छता अभियान ...

शेष पेज 4 पर...

आर.बंसल'S राजनैतिक चटखारे

# अब अगले साल 31 मार्च तक नहीं होंगे अधिकतर प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले?

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स।** अधिकारियों के लिए एक अच्छी खबर है कि अगले साल 31 मार्च तक प्रदेश के अधिकतर प्रशासनिक अधिकारियों को अब तबादलों से छुट्टी मिल गई है। आगामी 31मार्च 2027 तक अधिकारी जहां पर हैं वहीं पर रहकर आराम से नौकरी कर पाएंगें? असल में सरकार ने यह फैसला उन अधिकारियों को लेकर लिया है जिनकी डयूटी इन दिनो जनगणना में लगी है, और क्योंकि जनगणना का काम इतना बडा है कि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से अधिकतर अधिकारियों की डयूटी जनगणनना में लगी हुई है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यदि केवल फरीदाबाद की ही बात करें तो निगमायुक्त, अतिरिक्त निगमायुक्त, सभी क्षेत्रिय एवं कर अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के साथ-साथ सैकडों शिक्षा विभाग व अन्य विभागों के कर्मचारियो की डयूटी जनगणना में लगी है, और नए आदेशो के बाद इन सभी के तबादले आगामी साल में 31 मार्च तक सरकार नहीं कर पाएगी। इस प्रकार से पूरे प्रदेश का अंदाजा लगाया जा सकता है, क्योंकि हरियाणा के सभी निगमों के निगमायुक्त सहित अधिकतर स्टाफ जनगणना के काम में लगा है। हालांकि सरकार ने यह फैसला जनगणना का काम किसी भी सूरत में प्रभवित न हो इस कारण किया है, पर साथ ही अधिकारियों में इस आदेश के बाद राहत का आलम है, क्योंकि काम तो जिनको करना है उनको करना है, आला प्रशासनिक अधिकारियो को जो अपने तबादले रुकवाने के लिए रोजाना चंडीगढ भागना पडता था, या फिर नेताओं की हाजरी देनी पडती थी, कम से कम अब एक साल के लिए इस काम से मुक्ति मिल गई है?

### पूर्ण बहुमत वाली सरकार देगी बागियों को सम्मान?

कांग्रेस ने वीरवार को एक बडा फैसला लेते हुए अपने उन पांच विधायकों को पार्टी से निलम्बित कर दिया, जिन पर राज्यसभा चुनावों में पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ वोट डालने का आरोप है। इनमें से दो विधायक साफ तौर पर बगावत को स्वीकार करते हैं, दो इंकार करते हैं और एक की स्थिति स्पष्ट नहीं हैं। कांग्रेस के इस कदम के बाद नब्बे सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या मात्र 32 रह गई है। लेनिक इससे भी अधिक रौचक तथ्य यह है कि क्या पूर्ण बहुमत के बाद तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन से प्रदेश में अपनी सरकार दौडा रही भाजपा अब कांग्रेस के इन बागी विधायको को महत्व देगी, वह भी तब जब इन पांच विधायकों में से दो विधायक उस समुदाय से है जिसको हमेशा भाजपा महत्व देने से बचती दिखाई दी है? शेष तीन में एक विधायक मुखिया जी के क्षेत्र से संबध रखता है? जानकारों का मानना है कि सबका साथ सबका विकास भाजपा की ...

शेष पेज 4 पर...

गृह मंत्रालय भारत सरकार
हमारी जनगणना हमारा विकास
(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)
स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है
टोल फ्री - 1855
CBC 19108/13/0020/2627
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

17 april satyajay times:29-dummy-1 4/16/2026 10:44 PM Page 2



# संपादकीय

## हर सवाल जरूरी नहीं

**हम** ऐसे समाज में रहते हैं, जहां लोग एक-दूसरे के जीवन में बहुत रुचि लेते हैं। यह रुचि कई बार अपनापन लगती है, लेकिन कई बार यही दखलंदाजी बन जाती है। जब कोई सार्वजनिक जगह पर रिश्तों का सहारा लेकर किसी से उसके जीवन के फैसलों पर सवाल करता है, तो वह केवल एक साधारण बात नहीं होती। वह उस व्यक्ति के आत्मसम्मान को छू जाती है। हर इंसान का जीवन उसका अपना होता है। उसमें उसके सपने होते हैं, उसकी मेहनत होती है, उसकी विफलताएं होती हैं और उम्मीदें भी। हर किसी की गति अलग होती है। कोई जल्दी सफलता पा लेता है, कोई देर से। कोई अपनी राह खुद चुनता है, कोई परिवार की अपेक्षाओं के साथ चलता है। समस्या यह है कि समाज सबके लिए एक ही तरह के मापदंड बना देता है। ऐसे में जो उससे अलग चलता है, वह सवालों के घेरे में आ जाता है। अक्सर लोग बिना सोचे पूछ लेते हैं- अब तक क्या किया? आगे की क्या योजना है? इतनी उम्र हो गई, अभी तक? ये सवाल सुनने में साधारण लग सकते हैं, पर कई बार ये सामने वाले को असहज कर देते हैं। खासकर तब, जब ये बातें सबके सामने कही जाएं। उस समय व्यक्ति को लगता है कि उसे अपने जीवन का हिसाब देना पड़ रहा है। कई बार सवाल पूछने वाले का इरादा बुरा नहीं होता। वह बस जिज्ञासु होता है या अपने अनुभव के आधार पर सलाह देना चाहता है। मगर हर जिज्ञासा जरूरी नहीं होती। हर बात पूछना आवश्यक नहीं होता। कुछ बातें ऐसी होती हैं, जो व्यक्ति अपने समय पर ही साझा करना चाहता है या नहीं भी करना चाहता है। जब हम बिना सोचे-समझे किसी की निजी बातों में दखल देते हैं, तो हम उसकी सीमा पार कर देते हैं।

सार्वजनिक प्रश्न केवल शब्द नहीं होते, वे संकेत भी होते हैं। वे यह जताते हैं कि समाज को हमारे जीवन की प्रगति पर नजर रखने का अधिकार है। धीरे-धीरे व्यक्ति यह मानने लगता है कि उसे लगातार साबित करना है कि वह पीछे नहीं है। यह मानसिक दबाव अदृश्य होता है, पर बहुत गहरा होता है। कई लोग बाहर से मुस्कुरा देते हैं, हल्का-सा जवाब दे देते हैं, पर भीतर एक चुभन रह जाती है। इस तरह की टिप्पणियां धीरे-धीरे व्यक्ति के मन पर असर डालती हैं। वह अपने फैसलों पर शक करने लगता है। उसे लगता है कि शायद वह पीछे रह गया है। वह दूसरों से अपनी तुलना करने लगता है। कई बार वह अपने ही घर में अपने निर्णयों के लिए सफाई देने लगता है। यह स्थिति उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है। जब व्यक्ति बार-बार अपने अस्तित्व को सही ठहराने की कोशिश करता है, तो उसके भीतर की सहजता कम होने लगती है। समस्या यह भी है कि हम मौन की अहमियत नहीं समझते। हमें लगता है कि हर बात पर राय देना जरूरी है, लेकिन कई बार चुप रह जाना ही सबसे अच्छा व्यवहार होता है। अगर कोई अपनी जिंदगी के बारे में खुद बात नहीं करना चाहता, तो हमें उसका सम्मान करना चाहिए। सम्मान का मतलब केवल अच्छा व्यवहार करना नहीं है, बल्कि यह समझना भी है कि सामने वाले की एक निजी दुनिया है, जहां हमें बिना बुलाए प्रवेश नहीं करना चाहिए। हर व्यक्ति अपने जीवन की परिस्थितियों से गुजर रहा होता है। हमें बाहर से सब कुछ साफ दिखाई नहीं देता। जो हमें ठहराव लगता है, वह शायद उसके लिए सीखने का समय हो। जो हमें विफलता दिखती है, वह उसके लिए नई शुरूआत की तैयारी हो सकती है। जो हमें देर लगती है, वह उसके लिए सही समय का इंतजार हो सकता है। इसलिए किसी पर टिप्पणी करने से पहले यह सोचना जरूरी है कि हमारे शब्द उसे कैसा महसूस कराएंगे। भीड़ में पूछे गए प्रश्न अक्सर चिंता से अधिक तुलना का रूप ले लेते हैं। वह व्यक्ति को यह महसूस कराती है कि उसका मूल्य उसके वर्तमान से नहीं, बल्कि दूसरों से तुलना करके तय किया जा रहा है। दूसरी ओर, व्यक्ति को भी अपने आत्मसम्मान की रक्षा करना सीखना चाहिए। हर सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं है। अगर कोई प्रश्न असहज करता है, तो विनम्रता से विषय बदलना या सीमित उत्तर देना ठीक है।

**सफलता का एक ही स्वरूप नहीं होता। संतोष, संतुलन और आत्मस्वीकृति भी जीवन की उपलब्धियां हैं। समाज अगर अपने सदस्यों का पूर्ण विकास चाहता है, तो सबसे पहले उसे संवेदनशील बनना होगा। प्रश्न पूछने से पहले ठहरना होगा। यह समझना होगा कि हर जिज्ञासा साझा करने योग्य नहीं होती। कुछ बातें समय पर छोड़ देनी चाहिए। जब हम दूसरों की सीमाओं का सम्मान करना सीखेंगे, तभी हम ऐसे संबंध बना पाएंगे, जहां व्यक्ति बिना डर और बिना सफाई दिए, अपने जीवन को अपने तरीके से जी सके। बात इतनी–सी है कि किसी का भी जीवन उसका अपना है। उसकी निजता भी महत्त्वपूर्ण है। वह व्यक्ति का अपना संसार है। उसके संसार में प्रश्नों के माध्यम से कदम रखने से पहले अनुमति और उससे भी पहले संवेदनशीलता, दोनों जरूरी हैं। जब हम यह सीख लेंगे कि हर जीवन को अपने ढंग से खिलने का अधिकार है, तब न केवल आत्मसम्मान सुरक्षित रहेगा, बल्कि रिश्तों में सच्ची गर्माहट भी बनी रहेगी। जीवन एक भौतिक शब्द नहीं, बल्कि एक यात्रा है।**

अपनी सीमाएं तय करना गलत नहीं है। यह आत्मसम्मान का हिस्सा है। जो व्यक्ति अपनी सीमाएं स्पष्ट करता है, वह असम्मान नहीं करता, बल्कि केवल अपनी गरिमा की रक्षा करता है। हमें बच्चों और युवाओं को भी यह सिखाना चाहिए कि उनकी कीमत केवल उपलब्धियों से नहीं तय होती। वे जैसे हैं, अपनी पूरी कोशिश के साथ वैसे ही सम्मान के योग्य हैं। जीवन कोई दौड़ नहीं है, जिसमें सबको एक ही समय पर एक ही स्थान पर पहुंचना हो। हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है और वही उसकी खूबसूरती है।

सफलता का एक ही स्वरूप नहीं होता। संतोष, संतुलन और आत्मस्वीकृति भी जीवन की उपलब्धियां हैं। समाज अगर अपने सदस्यों का पूर्ण विकास चाहता है, तो सबसे पहले उसे संवेदनशील बनना होगा। प्रश्न पूछने से पहले ठहरना होगा। यह समझना होगा कि हर जिज्ञासा साझा करने योग्य नहीं होती। कुछ बातें समय पर छोड़ देनी चाहिए। जब हम दूसरों की सीमाओं का सम्मान करना सीखेंगे, तभी हम ऐसे संबंध बना पाएंगे, जहां व्यक्ति बिना डर और बिना सफाई दिए, अपने जीवन को अपने तरीके से जी सके। बात इतनी-सी है कि किसी का भी जीवन उसका अपना है। उसकी निजता भी महत्त्वपूर्ण है। वह व्यक्ति का अपना संसार है। उसके संसार में प्रश्नों के माध्यम से कदम रखने से पहले अनुमति और उससे भी पहले संवेदनशीलता, दोनों जरूरी हैं। जब हम यह सीख लेंगे कि हर जीवन को अपने ढंग से खिलने का अधिकार है, तब न केवल आत्मसम्मान सुरक्षित रहेगा, बल्कि रिश्तों में सच्ची गर्माहट भी बनी रहेगी। जीवन एक भौतिक शब्द नहीं, बल्कि एक यात्रा है। सुनने में साधारण लगता है कि जीवन जन्म से शुरू होकर सामान्य तौर पर मृत्यु पर समाप्त हो जाता है, पर यह धारणा जितनी सामान्य प्रतीत होती है, अंदर से ये उतनी ही जटिल है। यह यात्रा हम सभी को कभी न कभी ऐसे दो-राहे पर लाकर खड़ी कर देती है, जहां हमें चुनाव करना होता है- सही और गलत के बीच। ऐसे यह चुनाव आमतौर पर सरल ही होता है।

# ऑस्ट्रिया के साथ सहयोग बढ़ाकर मोदी ने किया कमाल


**भारत** और ऑस्ट्रिया के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल के तहत ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा ऐतिहासिक मानी जा रही है। लगभग चार दशकों के बाद किसी ऑस्ट्रियाई चांसलर का भारत आगमन न केवल द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का संकेत है, बल्कि यह वैश्विक परिदृश्य में बदलती प्राथमिकताओं के बीच नई साझेदारी के निर्माण का भी प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांसलर स्टॉकर का स्वागत करते हुए इसे विशेष अवसर बताया और इस बात पर जोर दिया कि यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुनना ऑस्ट्रिया की भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बाद आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए अवसर सामने आए हैं।

भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध पहले से ही अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। दिल्ली मेट्रो और अटल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में ऑस्ट्रिया की तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा रेलवे परियोजनाओं, रोपवे, स्वच्छ ऊर्जा और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में भी ऑस्ट्रियाई कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही है।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल पंद्रह महत्वपूर्ण समझौते और पहलें सामने आईं, जो रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, नवाचार और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। इनमें सबसे प्रमुख है आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का प्रस्ताव, जो वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग को नई गति देने के लिए सैन्य मामलों में सहयोग पर एक आशय पत्र पर सहमति बनी है। इसके तहत रक्षा उद्योग, नीति संवाद, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। यह पहल भारत और यूरोप के बीच हाल ही में हुए सुरक्षा सहयोग को भी मजबूती प्रदान करेगी। आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक फास्ट ट्रैक तंत्र स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे दोनों देशों की कंपनियों और निवेशकों को आने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सकेगा। इससे व्यापार को सुगम बनाने और निवेश को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए ऑडियो विजुअल सह उत्पादन समझौता किया गया है, जिससे दोनों देशों के फिल्म उद्योग के बीच संयुक्त निर्माण और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत वैज्ञानिक सहयोग, मानकों के आदान प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जाएगा। इससे कृषि और खाद्य उत्पादों के व्यापार को भी मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें प्रशिक्षुता प्रणाली, ज्ञान साझा करने और योग्यता की पारस्परिक मान्यता पर जोर दिया गया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए संरचित संवाद शुरू करने और तकनीकी विश्वविद्यालयों के माध्यम से भारतीय छात्रों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है।

इस यात्रा के दौरान स्टार्टअप सहयोग को बढ़ाने, साइबर सुरक्षा संवाद शुरू करने, अंतरिक्ष उद्योग में संयुक्त सेमिनार आयोजित करने और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम को लागू करने जैसी घोषणाएं भी की गईं। उच्च प्रौद्योगिकी



जैसे क्वांटम तकनीक, मशीन लर्निंग, जल शोधन और सामग्री विज्ञान में संयुक्त अनुसंधान को साझेदारी का मुख्य आधार बनाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि भारत की प्रतिभा और ऑस्ट्रिया की नवाचार क्षमता मिलकर वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला विकसित कर सकती है। उन्होंने रक्षा, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और क्वांटम क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। इसके अलावा, मानव संसाधन के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाया है। वर्ष 2023 में हुए प्रवासन और गतिशीलता समझौते के तहत अब नर्सिंग क्षेत्र में भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा। युवा आदान प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

साथ ही वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि सैन्य संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। चाहे यूक्रेन का संकट हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, दोनों देशों ने स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया। साथ ही वैश्विक संस्थाओं में सुधार और आतंकवाद के पूर्ण उन्मूलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

हम आपको एक बार फिर बता दें कि ऑस्ट्रिया भारत के लिए एक महत्वपूर्ण यूरोपीय साझेदार है। यह मध्य और पूर्वी यूरोप में प्रवेश का एक प्रमुख द्वार है और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा तथा उन्नत इंजीनियरिंग में इसकी विशेषज्ञता भारत के विकास कार्यक्रमों के लिए उपयोगी है। दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और यह लगभग तीन अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच चुका है।

देखा जाये तो भारत और ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रभाव वैश्विक भू-राजनीति पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यूरोप के मध्य में स्थित ऑस्ट्रिया, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सेतु का काम करता है, जिससे भारत को यूरोप के बाजारों, तकनीक और निवेश तक बेहतर पहुंच मिलती है। इस सहयोग से भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका और अधिक मजबूत होगी, विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। इसके साथ ही, ऑस्ट्रिया का भारत के प्रति समर्थन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करेगा, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता जैसे मुद्दों पर। दक्षिण एशिया के संदर्भ में यह साझेदारी भारत की रणनीतिक बढ़त को और मजबूत करेगी, क्योंकि उन्नत तकनीक, रक्षा सहयोग और आर्थिक निवेश के माध्यम से भारत क्षेत्रीय नेतृत्व को और प्रभावी ढंग से स्थापित कर सकेगा। इससे न केवल भारत की सुरक्षा क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि वह क्षेत्र में स्थिरता, विकास और संतुलन बनाए रखने में भी अधिक सक्षम भूमिका निभा सकेगा। बहरहाल, ऑस्ट्रिया के चांसलर की भारत यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों देशों के संबंध अब पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर नवाचार केंद्रित और भविष्य उन्मुख साझेदारी की ओर अग्रसर हैं। दोनों देशों ने मिलकर एक ऐसे सहयोग मॉडल की नींव रखी है जो न केवल द्विपक्षीय हितों को साधेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी स्थिरता और प्रगति में योगदान देगा।


**भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध पहले से ही अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में मजबूत रहे हैं। दिल्ली मेट्रो और अटल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में ऑस्ट्रिया की तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा रेलवे परियोजनाओं, रोपवे, स्वच्छ ऊर्जा और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में भी ऑस्ट्रियाई कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल पंद्रह महत्वपूर्ण समझौते और पहलें सामने आईं, जो रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, नवाचार और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। इनमें सबसे प्रमुख है आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का प्रस्ताव, जो वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा।**

# कमजोर मानसून और आपदा प्रबंधन

**आगामी** मानसून को लेकर के पहला पूवार्नुमान जारी करने के साथ ही मौसम विभाग ने आने वाले मानसूनी सत्र में सामान्य से कम बरसात के संकेत दे दिए हैं। हांलाकि अभी मानसून के पूवार्नुमान और भी जारी किये जाएंगे पर यह आरंभिक सूचना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार सामान्य से 8 फीसदी तक कम बरसात की संभावना जताई गई है। देश के कई हिस्सों में कम बरसात होने के संकेत है तो कुछ हिस्सों में सामान्य बरसात भी हो सकती है। माना जा रहा है कि अल नीनो इफेक्ट के चलते मानसून कमजोर रहेगा। यह भी सही है कि हमारे मौसम मंत्रालय द्वारा जारी पूवार्नुमान अब काफी हद तक आसपास रहने लगे हैं। यहां तक कि दो से तीन घंटों में बरसात होने या आंधी तूफान या ओलावृष्टि तक के पूवार्नुमान खरे उतरने लगे हैं। ऐसे में मौसम विभाग के पूवार्नुमानों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र व राज्यों की सरकारों को अभी से पूर्व तैयारियां करने में जुट जाना चाहिए। खासतौर से आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से भावी रणनीति तय करनी होगी। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है जिसके अनुमानों के अनुसार 81 सेमी तक रहने की आशंका है। पूवार्नुमानों को माने तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले आठ सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देष में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है।

हमारे देश में मानसूनी बरसात पर निर्भरता अधिक है। जहां खेती में मानसूनी बरसात की निर्भरता बहुत अधिक है तो दूसरी और पेयजल को लेकर भी मानसून पर निर्भरता अधिक है। जलाशयों में पानी के भण्डारण और भूजल स्तर भी बरसाती पानी पर ही निर्भर है। हमारी खेती मुख्यतः मानसून पर निर्भर हैं। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कमी के कारण मानसून पर खेती 55 से 64 प्रतिशत निर्भर है। पीने के पानी की समस्या भी कमजोर मानसून से प्रभावित होती है। हमारे यहां मानसून का समय जून से सितंबर तक का रहता है। अब सवाल उठता है कि पिछले सालों में मानसून सामान्य से अच्छा रहने के बावजूद कमजोर मानसून की स्थिति से निपटने में हमारी तैयारी कोई अच्छी नहीं मानी जा सकती। अत्यधिक भूजल दोहन और जल संचयन की दीर्घकालीक नीति के अभाव में ठोस परिणाम प्राप्त नहीं हो पाये हैं। ऐसा नहीं है कि नीति नहीं बनती हो या ऐसा भी नहीं है कि जल संचयन के प्रयास नहीं होते हो पर जो परिणाम देखने में आए हैं वह कोई आशाजनक नहीं माने जा सकते। पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की बात करना तो हमारे यहां बेमानी ही रही है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संधारण में भी हम कुछ अधिक नहीं कर पाये हैं। इसके अलावा हमारे यहां दुर्भाग्यजनक बात यह है कि तात्कालिक प्रयास होते हैं।

शहरीकरण की आड़ में प्राकृतिक जल स्त्रोत या तो नष्ट हो गए हैं या उनमें बरसात के पानी जाने के रास्ते अवरुद्ध या बंद हो गए हैं। नदी नालों के रास्ते या तो बंद हो गए हैं या अवरुद्ध हो गए हैं। बरसात के पानी के जलाशयों में रास्तों में अनधिकृत कब्जें, निर्माण और रिसोर्ट बना दिए है। एक समय ऐसा भी आया कि जब विशेषज्ञों ने बरसात के पानी जाने के रास्तों में जगह जगह एनिकट बनाने की सलाह दे ड़ाली और छोटे छोटे एनिकट बनने से नदियों-जलाशयों में पानी की आवक प्रभावित हो गई। इससे तात्कालीक यानी कि एनिकटों में पहले पानी एकत्र तो हुआ पर बाद में इनका रख रखाव नहीं होने से दोहरा नुकसान हुआ। इसी तरह से



वर्षा जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए सरकार ने अरबों रुपये खर्च किये पर उनके निर्माण के आंकड़ें पूरे करने के चक्कर में हम भूल गए कि बरसात के पानी इनमें कितना व कैसे जा पाएगा। फिर बरसात से पहले इनकी देखरेख पर भी ध्यान नहीं देने से जो परिणाम मिलने चाहिए थे वे नहीं मिल सके हैं। एक और हमारे दैनिक उपभोग में भी पानी का उपयोग अधिक बढ़ा है आज पेयजल से कई गुणा अधिक पानी टायलेट और कुलरों में उपयोग होने लगा है। समय रहते टायलेट में कम पानी के उपयोग की कोई राह निकाली जाती तो हालात में सुधार ही होता। इसी तरह से देशभर में वाटर ट्रिंमेंट सिस्टम लगाने का अभियान चला पर इनके परिणाम भी ज्यादा अच्छे नहीं देखे जा रहे है। रिसाइकिल पानी को लेकर भी कोई स्पष्ट नीति तय हो तो कुछ हद तक समाधान हो सकता है। खैर यह तो हालात की तस्वीर है।

सौ टके का सवाल यह है कि कमजोर मानसून के हालात से निपटने की कार्ययोजना हमें अभी से बनानी होगी। मौसम विभाग ने अप्रेल में यह चेतावनी दे दी है। मानसून जून में आएगा। ऐसे में अभी मई का महीना हमारे पास है। अभी से सरकार को कमर कसनी होगी। कमजोर मानसून के हालात में हमें कम पानी से अधिक बेहतर हालात बनाने के प्रयास करने होंगे। इसके लिए जहां पानी की एक एक बूंद को सहेजने की रणनीति तैयार करनी होगी वहीं कृषि मंत्रालय को खरीफ के लिए इस तरह की रणनीति बनानी होगी जिसमें कम पानी के उपयोग से बेहतर फसल तैयार होने वाली फसलों और किस्मों के लिए किसानों को प्रेरित हो सके। खेती किसानी भी प्रभावित ना हो और पैदावार भी अच्छी हो इसकी रणनीति बनानी होगी। अधिक पानी की आवश्यकता वाली फसलों की खेती ना करने के लिए किसानों को उत्साहित करना होगा। इसी तरह से जलाशयों, बांधों में उपलब्ध पानी का प्रबंधन योजनाबद्ध तरीके से करना होगा। अभी से आमजन को पानी के अपव्यय को रोकने के लिए प्रेरित करना होगा। कहने का अर्थ है कि जब आने वाले हालात की तस्वीर हमारे सामने कमोबेस आ चुकी है तो फिर समय रहते इस तरह की रणनीति बनानी होगी ताकि कमजोर मानसून में भी हमारी जल प्रबंधन क्षमता बेहतर रह सके। आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से संबंधित मंत्रालयों खासतौर से कृषि, जल आपूर्ति करने वाले विभागों, बांधों एवं जलाशयों का प्रबंधन करने वाले विभागों, जल संसाधन विभागों से समन्वय बनाकर रणनीति तैयार करनी होगी। इसके साथ ही आमजन को भी पानी के उपयोग को लेकर अधिक सजग और जिम्मेदार नागरिक के रुप में भूमिका निभानी होगी।

# तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रुप में उभरता भारत

**वैश्विक** परिदृश्य में भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। बढ़ता उपभोक्ता बाजार, आर्थिक वृद्धि में इजाफा और तकनीकी प्रगति से देश विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सम्मिलित हो चुका है। भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है और अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3.7 ट्रिलियन डालर था। वर्तमान में अमेरिका और चीन क्रमशः पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आर्थिक विशेषज्ञों और संस्थाओं के आकलन के अनुसार, भारत वर्ष 2030 में जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। मगर इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत के सामने अनेक अवसरों के साथ-साथ कई चुनौतियां भी मौजूद हैं।

भारत की आधुनिक आर्थिक प्रगति की शुरूआत वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों से मानी जाती है। उस समय देश गंभीर भुगतान संतुलन संकट से जूझ रहा था और विदेशी मुद्रा भंडार केवल कुछ सप्ताह के आयात के बराबर ही रह गया था। इस स्थिति से उबरने के लिए सरकार ने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियां अपनाईं। इन सुधारों के परिणामस्वरूप विदेशी निवेश बढ़ा, उद्योगों को नई ऊर्जा मिली और भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ाव मजबूत हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 1991 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 270 अरब डालर था, जो वर्ष 2000 में करीब 470 अरब डालर तक पहुंच गया। वर्ष 2010 में यह लगभग 1.7 ट्रिलियन डालर हो गया। जबकि 2020 में भारत की अर्थव्यवस्था करीब 2.9 ट्रिलियन डालर थी। इस तरह वर्ष 2024 में यह लगभग 3.7 ट्रिलियन डालर के आसपास पहुंच चुकी है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि पिछले तीन दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ी है। भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना के पीछे मजबूत आधार है। देश में विशाल जनसंख्या के अनुरूप बड़ा उपभोक्ता बाजार है। भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। अर्थव्यवस्था में मध्यम वर्ग की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। मैकेंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रपट के अनुसार, भारत का मध्य वर्ग तेजी से बढ़ रहा है और अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इस वर्ग की संख्या पचास करोड़ से अधिक हो सकती है। इसके अलावा भारत के सकल घरेलू उत्पाद में निजी उपभोग का योगदान लगभग साठ फीसद है, जो आर्थिक वृद्धि का महत्त्वपूर्ण आधार है। देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवा है। विश्व बैंक की रपट के अनुसार, भारत की करीब पैंसठ फीसद आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। इसलिए यदि भारत अपने युवा कार्यबल को उचित शिक्षा और कौशल प्रदान करे, तो यह आर्थिक विकास के लिए बड़ा अवसर बन सकता है।

देश में डिजिटल क्रांति ने आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की है। ट्राई और इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन आफ इंडिया के अनुसार, भारत में 85 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं और यह संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके अलावा यूपीआइ की डिजिटल भुगतान प्रणाली ने वित्तीय लेन-देन को बहुत आसान बना दिया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2023 मे डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से करीब 180 लाख करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन हुआ।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल भुगतान बाजारों में से एक है। यहां नवउद्यम भी तेजी से विकसित हुआ है। देश में दिसंबर, 2025 तक डीपीआइआइटी-मान्यता प्राप्त नवउद्यमों की संख्या दो लाख से अधिक हो गई है और इस मामले में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर आता है। इन नवउद्यमों ने लगभग 21 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और इनमें यूनिकार्न्स की संख्या 120 से ऊपर पहुंच गई है। फिनटेक, ई-वाणिज्य, स्वास्थ्य, तकनीक और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में नवउद्यम तेजी से नवाचार कर रहे हैं। देश में बुनियादी ढांचे के विकास में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 के आम बजट में लगभग 11.1 लाख करोड़ रुपए आधारभूत ढांचे के विकास के लिए आबंटित किए गए। आधारभूत ढांचे की उपलब्धता और इससे जुडी भावी परियोजनाओं की दृष्टि से भी भारत का तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की संभावनाओं को बल मिलता है। सड़क परिवहन मंत्रालय और भारतीय रेलवे के आंकड़ों के अनुसार, देश में 1.46 लाख किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। रेलवे नेटवर्क लगभग 68,000 किलोमीटर लंबा है।

यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए भी कई उपाय किए गए हैं। मेक इन इंडिया और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की योजनाओं के माध्यम से सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है। इतना सब कुछ होते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत की राह में बाधाएं भी कम नहीं हैं। इनमें बेरोजगारी और रोजगार सृजन एक बड़ी चुनौती है। देश में हर वर्ष लगभग एक से डेढ़ करोड़ युवा रोजगार बाजार में प्रवेश करते हैं। सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी के अनुसार, भारत की बेरोजगारी दर सात से आठ फीसद के आसपास रहती है। अगर पर्याप्त रोजगार सृजन नहीं होता है।

# संक्षिप्त समाचार

## सशस्त्र बलों और सीएपीएफ कर्मियों की समस्याओं के समाधान हेतु सुविधा शुरू

**पलवल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/लक्ष्मन शर्मा।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सशस्त्र बलों, अर्द्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के कर्मियों एवं उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा समर्पित हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस हेल्पलाइन नंबर की जानकारी अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि



हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) द्वारा सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग हरियाणा के साथ हुए समझौते के तहत 20 मार्च 2026 से कॉल सेंटर सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। इस पहल का उद्देश्य सशस्त्र बलों, सीएपीएफ कर्मियों और उनके परिवारों की शिकायतों एवं समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है। उपायुक्त ने बताया कि सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के लिए समर्पित हेल्पलाइन नंबर 0172-5210277 जारी किया गया है। इस नंबर के माध्यम से संबंधित व्यक्ति अपनी शिकायतें और समस्याएं दर्ज करवा सकते हैं तथा उन्हें उचित मार्गदर्शन व सहायता प्राप्त होगी। जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक विभाग पलवल के कल्याण अधिकारी कर्नल देवेंद्र सिंह ढाका ने बताया कि यह शिकायतों के समाधान तथा मार्गदर्शन के लिए सरकारी छुट्टियों को छोड़कर सोमवार से शनिवार तक प्रातः 09:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक समर्पित हेल्पलाइन नंबर-0172-5210277 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से इस हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया है, ताकि अधिकतम लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पहल सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी और उनकी समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पुलिस-पब्लिक कोऑर्डिनेशन मीटिंग, डीसीपी ने सुरक्षा व ट्रैफिक पर दिए निर्देश

**बल्लभगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** आमजन को पुलिस की आंख और कान बताते हुए पुलिस उपायुक्त प्रतीक अग्रवाल की अध्यक्षता में 15 अप्रैल को लघु सचिवालय, बल्लभगढ़ में पुलिस-



पब्लिक कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में रोड सेफ्टी टीम, प्फ्रअ सदस्य, मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, बैठक में शहर की प्रमुख समस्याओं जैसे ट्रैफिक व्यवस्था, प्राइवेट बसों और ऑटो चालकों की कार्यप्रणाली, बाजारों में अतिक्रमण, शराब ठेकों के बाहर होने वाली गतिविधियां और सोसाइटी/सेक्टर में सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसीपी प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में बस अड्डा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। संबंधित थाना प्रबंधकों, बस स्टैंड चौकी प्रभारी और ट्रैफिक स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं कि यातायात को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि शराब ठेकों के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बल्लभगढ़ मार्केट में अतिक्रमण को एक बड़ी समस्या बताते हुए उन्होंने नगर निगम के साथ मिलकर इसे हटाने की बात कही। साथ ही आरडब्ल्यूए सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। सभी थाना प्रबंधकों को अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। इस बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त जितेश कुमार, विभिन्न थाना प्रबंधक, राहुल गोयल, गौरव वीरमणी, प्रेम खट्टर, गुरमीत सिंह, सतन कुमार, राजन छाबरा, दीपक कुमार और योगेंद्र सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम जनता के सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है और इस तरह की बैठकों से पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है।

## अस्पताल की इमरजेंसी में मरीज का हंगामा

**अंबाला, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** कैंट नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में वीरवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक सिरफिरे मरीज ने करीब 20 मिनट तक जमकर हंगामा किया। इस दौरान आरोपी ने ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर का हाथ पकड़ लिया और बीच-बचाव करने आए सिक्योरिटी गार्ड से हाथापाई कर फर्श साफ करने वाला केमिकल फेंक दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। महिला डॉक्टर रिद्धि ने बताया कि एक मरीज एमएलसी कटवाने के लिए अस्पताल में आया था। अभी वह अन्य मरीजों का उपचार कर रही थी कि अचानक गली गलौच शुरू कर दी। सिक्योरिटी गार्ड जसप्रीत ने मरीज को समझाने का प्रयास किया तो उससे भी हाथापाई शुरू कर दी। अस्पताल की माइनर ओटी के बाहर मरीज उग्र हो गया। समझाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी ने उनके साथ बदसलूकी करते हुए उनका हाथ पकड़ लिया।

# शहर को हरा भरा और स्वच्छ रखने में करें शहर वासी योगदान : प्रवीण बत्रा जोशी

### मई महीने में सरकार द्वारा चलाया जाएगा विशेष स्वच्छता अभियान

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** नगर निगम फरीदाबाद की सभी वार्ड समितियों की महत्वपूर्ण बैठक आज बल्लभगढ़ स्थित अटल ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने मेयर प्रवीण बत्रा का पुष्प देकर स्वागत किया।



मुख्यमंत्री की वीसी में हिस्सा लेते निगम वार्ड कमेटियों के सदस्य।

छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने पौधारोपण को पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा मई माह के प्रथम सप्ताह से दो सप्ताह तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की घोषणा की गई है। इस अभियान के तहत शहर में व्यापक स्तर पर सफाई कार्यों के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने वार्ड समितियों के सदस्यों और पार्षदों को उनकी जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और शहर को स्वच्छ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों और पार्षदों की भी उपस्थिति रही। इनमें एडिशनल कमिश्नर परमजीत चहल, जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया, निगम सचिव डॉ. नीतीश परवाल सहित वार्ड संख्या 1 से 46 तक के पार्षद और वार्ड समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नगर निगम और वार्ड समितियों के संयुक्त प्रयासों से फरीदाबाद को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी से मिलकर कार्य करने और शहर को हराभरा बनाने की अपील की।

## अग्रवाल कॉलेज की छात्रा ने हैदराबाद रीडिंग क्विज में दूसरा स्थान किया हासिल

**बल्लभगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** अग्रवाल कॉलेज की बी.ए. की छात्रा जिज्ञासा विमार्नी ने हैदराबाद में आयोजित रीडिंग फेस्टः लेक्सिकॉन लोर-लेक्टोफाइल के अंतर्गत रीडिंग क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से न केवल उन्होंने अपने कॉलेज बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता एलताई हैदराबाद सेंट्रल चैप्टर द्वारा गवर्नमेंट सिटी कॉलेज (ए), हैदराबाद के अंग्रेजी विभाग के सहयोग से आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न संस्थानों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिज्ञासा विमार्नी की इस सफलता के पीछे उनके शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अग्रवाल कॉलेज हमेशा से शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है। कॉलेज के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। कॉलेज परिवार ने जिज्ञासा विमार्नी को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।



## यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 476 वाहनों के किए चालान

**पलवल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/कपिल शर्मा।** पलवल पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर लगातार शिकंजा कस रही है। ट्रैक्टरों पर अवैध डीजे, अवैध सायरन व बुलेट पटाखा बाइकों के खिलाफ भी निरंतर एक्शन जारी। केवल एक दिन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 476 वाहनों के चालान, लगा 11 लाख से अधिक का जुमार्ना। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, क्ढर के सख्त निदेशों पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व ध्वनि



प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पलवल पुलिसद्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ-साथ ट्रैक्टरों पर लगे अवैध डीजे, अवैध हूटर-सायरन व बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने वालों के खिलाफ भी लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की कार्रवाई ड्रंक एंड ड्राइवःजिले के सभी प्रमुख चौक-चौराहो व हाईवे पर एल्कोमीटर के साथ नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किए जा रहे हैं। अवैध डीजे व सायरनः ट्रैक्टर-ट्रालियों व अन्य वाहनों पर लगे अवैध डीजे साउंड सिस्टम, प्रेशर हॉर्न व लाल-नीली बत्ती/सायरन संबंध में चालान किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार बिना अनुमति डीजे बजाना ध्वनि प्रदूषण के तहत दंडनीय अपराध है।

# नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत गांव-गांव में जागरूकता की अलख

### भजन मंडलियों के माध्यम से महिलाओं को योजनाओं की दी जा रही है जानकारी

**पलवल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/लक्ष्मन शर्मा।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा महानिदेशक के.एम. पांडूरंग के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत जिला पलवल के विभिन्न गांवों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत गुरुवार को भजन मंडलियों ने जनाचौली, दीघोट, खाम्बी, उटावड़, सिहोल, अलावलपुर गांवों में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान 13 अप्रैल से प्रारंभ होकर 10 दिनों तक निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता से



जोड़ते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है, ताकि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि विभाग की भजन मंडलियां गांव-गांव जाकर लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रभावी रूप से पहुंचा रही हैं। इन प्रस्तुतियों के जरिए महिलाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों, उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल और रोचक तरीके से दी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग की सूचीबद्ध भजन पार्टियां भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि इसका अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके। डीआईपीआरओ ने कहा कि कलाकारों का यह प्रयास महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ समाज में उनकी भूमिका और महत्व को भी रेखांकित कर रहा है, जिससे नारी सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

# के.सी.एम ओम इंटरनेशनल स्कूल में बेंचमार्क बैच का किया अभिनंदन

**पलवल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** बेटियों की क्षमता जब प्रमाण बन जाए, तो जश्न का रंग और भी गहरा हो जाता है - इसी ऊर्जा के साथ आज विद्यालय परिसर में 'बेंचमार्क बैच' की मेधावी छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल पहुंचे सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनकी इस ऐतिहासिक जीत की सराहना की गई। ढोल की थाप पर छात्र अपनी सफलता का जश्न मनाते हुए झूम उठे, जिसने पूरे स्कूल के माहौल को गौरव और खुशी से भर दिया। विद्यालय के इस छोटे लेकिन प्रभावशाली 27



छात्राओं का समूह ने शहर के बड़े-बड़े स्कूलों को कड़ी टक्कर दी है। परिणाम के मुख्य आकर्षण इस प्रकार हैं - कुल 27 में से 11 छात्राओं (40% से अधिक) ने 90% से ज्यादा अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। तीन छात्राओं ने अपनी विषयगत पकड़ का लोहा मनवाते हुए 100 में से 100 अंक प्राप्त कर 'गोल्ड स्टैंडर्ड' स्थापित किया। स्कूल का कुल औसत 86% रहा, जो यह दशार्ता है कि यहाँ केवल व्यक्तिगत प्रतिभा ही नहीं, बल्कि हर छात्र की प्रगति पर ध्यान दिया गया है। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंध निदेशक अनिल भारद्वाज जी और प्रधानाचार्या डॉक्टर नम्रता कुण्डू ने सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षक टीम, सहायक अभिभावकों और दिन-रात एक करने वाले छात्रों को दिया। यह परिणाम केवल परीक्षा के अंक नहीं हैं, बल्कि विद्यालय की उस उत्कृष्टता की संस्कृति का प्रमाण हैं जहाँ हर बच्चे की क्षमता को पहचाना और निखारा जाता है।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में एजुकेशन कॉन्क्लेव आयोजित

**पलवल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/कपिल शर्मा।** स्कूली शिक्षा के स्किल मॉडल का मसौदा तैयार श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में एजुकेशन कॉन्क्लेव आयोजित, सरकार को सौंपा जाएगा पॉलिसी डॉक्यूमेंट औद्योगिक भागीदार, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद और 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल ने किया पांच सत्रों में मंथन स्कूली शिक्षा में स्किल एजुकेशन, नवाचार और औद्योगिक समन्वय से उसे भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाया जाएगा। इसी उद्देश्य से बृहस्पतिवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में एजुकेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।

इस प्रज्ञा परिसंवाद में शिक्षाविद, प्रशासक, औद्योगिक लीडर और क्षेत्र के 100 से भी अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल ने हिस्सा लिया। पॉलिसी डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए पांच तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। यह डॉक्युमेंट हरियाणा सरकार को सौंपा जाएगा। कॉन्क्लेव की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि इससे हरियाणा के स्कूलों में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की तर्ज पर दोहरी शिक्षा प्रणाली का मार्ग प्रशस्त होगा। यह कॉन्क्लेव स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि जब तक स्किल एजुकेशन स्कूली स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार लागू नहीं होगी और उसमें उद्योग का समन्वय नहीं होगा, तो उच्च स्तरीय शिक्षा में अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आएँगे। उन्होंने जापान सहित कई देशों के उदाहरण भी दिए।



# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान में अधिकारी दिखाएं संवेदनशीलता : हरीश कुमार वशिष्ठ

### कहा- अधिकारी प्रत्येक शिकायत का डिजिटल रिकॉर्ड रखकर सुनिश्चित करें समाधान

**पलवल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनहित की रक्षा करते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनें तथा प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण करें, ताकि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय मिल सके।



उपायुक्त बृहस्पतिवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि समाधान शिविरों का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि मौके पर ही अधिकतम मामलों का प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और यथासंभव उसी दिन समाधान सुनिश्चित किया जाए। डा. वशिष्ठ ने कहा कि प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाते हुए पारदर्शिता और तत्परता के साथ कार्य करना आवश्यक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाए, ताकि उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जा सके और लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव खाम्बी से जमाबंदी से संबंधित तथा किसी अन्य गांव में मंदिर के नजदीक खुले शराब के ठेके को बंद करवाने, कल्याण विभाग में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संबंधी मामला, फसल से संबंधित लॉस, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम बारे, एक निजी विद्यालय के वाहन चालक के वेतन संबंधी, बीपीएल कार्ड धारकों की शिकायतें आई, जिनका मौके पर ही निवारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त मनीषा शर्मा, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, सीटीएम प्रीति रावत, जिला राजस्व अधिकारी बलराज, तहसीलदार दिनेश कुमार, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, उप सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाएं पंचायत से पार्लियामेंट आना चाहती हैं : प्रधानमंत्री

### कहा- विरोधियों को चुकानी पड़ेगी कीमत

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** लोकसभा में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की बढ़ती भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और हम सभी खुद को भाग्यशाली मान सकते हैं कि इस परिवर्तन के दौर के साक्षी बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस गहन चर्चा से सकारात्मक परिणाम निकलेंगे, जो आने वाले समय में देश की दिशा और विकास को तय करेंगे। उन्होंने माना कि यह कदम पहले भी उठाया जा सकता था, लेकिन अब जो अवसर मिला है, वह बेहद महत्वपूर्ण है और इसमें सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम है।



उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन देश के लिए निर्णायक है। पिछले दो-तीन दशकों में जमीनी स्तर पर महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित किया है और अब वे केवल स्थानीय निकायों तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि नीतियों और फैसलों पर भी प्रभाव डालने की स्थिति में हैं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि जो लोग राजनीति में आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें इस बदलाव को समझना होगा। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि जो इस परिवर्तन का विरोध करेंगे, उन्हें भविष्य में इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है प्रधानमंत्री ने यह भी जोर दिया कि देश में उभर रही महिला नेतृत्व शक्ति को स्वीकार करना ही राजनीतिक दूरदर्शिता है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर तैयार हो रही महिला लीडरशिप को ध्यान में रखकर ही आगे की रणनीतियां बनानी होंगी

**होड़ल में सत्यजय टाईम्स हिन्दी दैनिक**

समाचार पत्र प्राप्त करने एवं समाचार, विज्ञापन बेदखली, जमीन-जायजाद संबंधित, नाम परिवर्तन, सार्वजनिक सूचना, नगर परिषद संबधी सभी प्रकार के सस्ते रेट पर विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।

अग्रवाल न्यूज एजेंसी

सम्पर्क सूत्र -

अमित अग्रवाल

+919254588483, +9197282 84058

## नाम परिवर्तन

मैं मोहम्मद कलाम पुत्र अब्दुल मलिक निवासी हाउस नं. एफसीए-371, गली नं0 4, काली मंदिर के पास, ईस्ट चावला कॉलोनी, बल्लबगढ, फरीदाबाद, हरियाणा-121004 सर्व सधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र Mohd. Arshad Raza के आधार कार्ड (672152191601)में उसका नाम मोहद. सदाब (Mohd. Sadab) है। जोकि गलत है। परंतु स्कूल के रिर्पोट कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम (Mohd. Arshad Raza) दर्ज है। जोकि सही है। अर्थात Mohd. Arshad Raza तथा Mohd. Sadab एक ही व्यक्ति के नाम हैं। इस कारण अब मेरे पुत्र के आधार कार्ड (672152191601)में उसका सही नाम Mohd. Arshad Raza दर्ज कर दिया जाये। जिसमे मुझे कोई एतराज नही है। आगे से मेरे पुत्र Mohd. Arshad Raza को Mohd. Arshad Raza के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

### कनेक्टिविटी सुधार से औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा : डी.एस. ढेसी

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** शहरी विकास प्रधान सलाहकार डी.एस ढेसी की अध्यक्षता में गत दिवस लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला फरीदाबाद में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर सीईओ एफएमडीए पी सी मीणा, नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा, डीसी आयुष सिन्हा और अन्य संबंधित विभागों व एजेंसी के अधिकारियों के साथ 10वीं अंतर-एजेंसी समन्वय बैठक आयोजित हुई।

बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं, बजटीय प्रावधानों तथा भूमि प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**बजट में सड़क विकास परियोजनाओं को मिली नई दिशा:** बैठक के



दौरान प्रधान सलाहकार डी.एस. ढेसी ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत नवीनतम बजट के संबंध में अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस बार बजट में सड़कों के विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण और सराहनीय बदलाव किया गया है। पहले जहां बजट में केवल सामान्य प्रावधानों का उल्लेख होता था, वहीं अब इसमें स्पष्टता और विस्तार को प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने बताया कि बजट में अब विशिष्ट सड़कों के नाम, उनकी कुल लंबाई तथा प्रस्तावित लागत का भी विस्तृत उल्लेख किया गया है। इस पहल से न केवल योजनाओं की स्पष्ट समझ विकसित होगी, बल्कि आम जनता और संबंधित विभागों को परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखने में भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस नई व्यवस्था से विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। साथ ही, यह कदम संसाधनों के बेहतर उपयोग और समयबद्ध क्रियान्वयन को भी प्रोत्साहित करेगा। सरकार की यह पहल सुशासन और जनहित के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

**बैठक में मार्जिनल लैंड के बेहतर उपयोग के लिए ठोस योजना बनाने के निर्देश:** बैठक के दौरान श्री ढेसी ने पूर्ववर्ती बैठकों में उठाए गए विभिन्न मुद्दों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान विशेष रूप से दिल्ली-आगरा मार्ग सहित राज्य के अन्य प्रमुख सड़क मार्गों के उन्नयन और आधारभूत ढांचे के विकास पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि औद्योगिक परिवहन और जन-सुविधाओं को और अधिक सुगम बनाया जा सके। बैठक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में खाली पड़े भूमि के छोटे टुकड़ों, जिन्हें मार्जिनल लैंड कहा जाता है, का प्रभावी प्रबंधन रहा। श्री ढेसी ने इन भूखंडों की पहचान करने, उनके वर्तमान उपयोग का आकलन करने और भविष्य में उनके बेहतर दोहन के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। इस पर विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि पूर्व में ऐसी भूमि की आंशिक पहचान की गई थी, लेकिन अब इसे अधिक व्यवस्थित और समग्र तरीके से चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि की बबार्दी को रोकना और उपलब्ध संसाधनों से राजस्व व जन-उपयोगिता सुनिश्चित करना है। **सड़क निर्माण में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने के लिए होगी विशेष समीक्षा बैठक:**




समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रधान सलाहकार डी.एस. ढेसी को सड़क निर्माण एवं विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक चुनौतियों से अवगत कराया। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि कई स्थानों पर भूमि अधिग्रहण, सड़कों की चौड़ाई निर्धारण और सर्विस लेन के निर्माण जैसे कार्यों में तकनीकी अड़चनें आ रही हैं।


इन समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए श्री ढेसी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बाधा की विस्तृत तकनीकी समीक्षा की जाए। साथ ही, जटिल मुद्दों के त्वरित समाधान हेतु आवश्यकतानुसार अलग से विशेष बैठकें आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया ताकि विकास कार्य बिना किसी विलंब के पूरे हो सकें। इसके अतिरिक्त, बैठक में भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। श्री ढेसी ने विशेष रूप से नहर पार क्षेत्रों और विभिन्न सेक्टरों में भूमि के मापन एवं राजस्व रिकॉर्ड में पाई गई विसंगतियों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करना अनिवार्य है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के कानूनी या प्रशासनिक विवाद से बचा जा सके और बुनियादी ढांचे का विकास सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

**एलिवेटेड कॉरिडोर और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश:** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार डी.एस. ढेसी ने राज्य की बड़ी अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की व्यापक समीक्षा की। बैठक के दौरान एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण, प्रमुख फ्लाईओवरों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी सुधारने वाली परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री ढेसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी बाधा को शीघ्र दूर करें ताकि जनता को इनका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने बैठक में अवगत कराया कि इन बड़ी परियोजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उ्रढफ) तैयार करने, अलाइनमेंट को अंतिम रूप देने और यूटिलिटी शिफ्टिंग (बिजली, पानी व अन्य सेवाओं को स्थानांतरित करने) जैसे प्रारंभिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है।

# जनगणना में डिजिटल पहल, प्रशासन के अधिकारियों ने स्व-गणना प्रक्रिया में लिया भाग

## युवा एवं प्रबुद्ध जन सहित हर एक नागरिक स्व-जनगणना की प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर लें भाग : डीसी



**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/रूपेश बंसल।** जनगणना कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डिविजनल कमिशनर संजय जून, डीसी आयुष सिन्हा, एडीसी अंजलि श्रोत्रिया, सीईओ जिला परिषद शिखा, डीसीपी उषा कुंडू और फरीदाबाद एसडीएम हनी बंसल ने आज स्वयं अपनी 'स्व-गणना' कर इस विशेष पहल में भाग लिया। उन्होंने डिजिटल माध्यम से अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी दर्ज कर जिले के नागरिकों को इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि 'स्व-गणना' केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह भविष्य की सरकारी योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब नागरिक स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करते हैं तो प्रशासन को शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचों के लिए बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है।

डीसी ने कहा कि प्रशासन की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के लिए सटीक डेटा अत्यंत आवश्यक है। मैंने स्वयं इस प्रक्रिया में भाग लेकर पाया है कि यह प्रक्रिया अत्यंत सरल, सुरक्षित और नागरिक-अनुकूल है।

उन्होंने जिलावासियों, विशेषकर युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे अपने मोबाइल या निकटतम सीएससी (उरउ) केंद्रों के माध्यम से इस पहल का हिस्सा बनें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाए जाएं, ताकि डिजिटल माध्यमों से कम परिचित लोग भी सुगमता से अपनी गणना पूर्ण कर सकें। इस अवसर पर जनगणना अधिकारी प्रशांत, जनगणना निदेशालय एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## फरीदाबाद में पंचायत उपचुनाव की घोषणा, 10 मई को होगा मतदान

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जिला फरीदाबाद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों को भरने के लिए उपचुनाव आयोजित किए जाएंगे। इस क्रम में ब्लॉक फरीदाबाद के ग्राम भस्कोला के वार्ड नंबर 3 (पंच), ब्लॉक तिगांव के ग्राम शाहुपुरा खादर (सरपंच) तथा ग्राम फत्तूपुरा के वार्ड नंबर 2 (पंच - अनुसूचित जाति महिला), वहीं ब्लॉक बल्लभगढ़ के ग्राम फतेहपुर बिलौच के वार्ड नंबर 19 (पंच-महिला), ग्राम डीग के वार्ड नंबर 1 (पंच) तथा ग्राम जकोपुर के वार्ड नंबर 2 (पंच -पिछड़ा वर्ग ए महिला) के लिए चुनाव कराए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त फरीदाबाद आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार इन उपचुनावों की नामांकन प्रक्रिया 21 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक संबंधित ग्राम पंचायतों के निर्धारित स्थलों पर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संपन्न होगी। ग्राम भस्कोला के लिए नामांकन, जांच एवं मतगणना का कार्य राजकीय उच्च विद्यालय भस्कोला में, ग्राम फत्तूपुरा के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय फत्तूपुरा में तथा ग्राम शाहुपुरा खादर के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय शाहुपुरा खादर, ग्राम फतेहपुर बिल्लोच के लिए राजकीय प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय फतेहपुर बिल्लोच, ग्राम डीग के लिए राजकीय मिडल विद्यालय डीग तथा ग्राम जकोपुर के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय जकोपुर में किया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:00 बजे से की जाएगी, जबकि उम्मीदवार 28 अप्रैल 2026 को दोपहर 3:00 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 10 मई 2026 (रविवार) को प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक होगा तथा मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर ही की जाएगी ।

# आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

## आयुष सिन्हा ने सुनी जनता की समस्याएं, मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** हरियाणा सरकार की पहल पर प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत वीरवर को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने की।



जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी एवं प्रशासनिक विभागों से जुड़ी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा से संबंधित कार्य, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, नगर निकायों से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, भवन नक्शा पास कराना, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य सेवाएं तथा आपराधिक शिकायतों से संबंधित मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर समस्याओं का निपटारा कर रहे हैं, जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिल रही है। इस अवसर पर डीसी आयुष सिन्हा ने सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के लिए तत्परता से कार्य करने को कहा।

डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी है तो वे बिना किसी संकोच के नजदीकी समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

# सामाजिक बदलाव में बडी भूमिका निभाएगा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण : सीमा त्रिखा

## सीमा त्रिखा के संयोजन में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में जुटी शहर की महिला शक्ति

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/रूपेश बंसल।** हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा के संयोजन में बृहस्पतिवार को सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हाल में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिलाओं के इस बडे सम्मेलन में शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, राजनीति और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं के साथ समाज के सभी वर्गों की महिलाएं भारी संख्या में उपस्थिति रहीं।

इस मौके पर नगर निगम की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी भी मुख्यरूप से मौजूद रहीं। सम्मेलन में महिलाओं का जोश व केंद्र में देश का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के लिए समर्थन स्पष्ट दिखाई दिया। हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि यह आरक्षण किसी एक राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि देश की हर महिला के लिए है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज में संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे एक गाड़ी दो पहियों के संतुलन से चलती है, उसी प्रकार समाज का विकास भी महिला और पुरुष दोनों के समान योगदान से संभव है। भारतीय संस्कृति और इतिहास का उल्लेख करते हुए त्रिखा ने बताया कि भारत सदैव से नारी सम्मान की भूमि रहा है।

रामायण और अन्य पौराणिक कथाओं का संदर्भ देते हुए उन्होंने सीता, शबरी और अहिल्या जैसे चरित्रों का उल्लेख किया, जो नारी शक्ति और त्याग के प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्राचीन भारत में स्वयंवर जैसी परंपराएं महिलाओं को निर्णय लेने का अधिकार देती थीं, जो उस समय की प्रगतिशील सोच को दशार्ता है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई का उदाहरण देते हुए बताया कि एक मां



अपने संस्कारों से समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। भारतीय संस्कृति में नवरात्रि जैसे पर्व महिलाओं को शक्ति के रूप में पूजने की परंपरा को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक विरासत आज भी हमें महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की प्रेरणा देती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे इस पहल के लिए आभार व्यक्त करें और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल केवल राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। इस मौके पर पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा ने नारी शक्ति सम्मेलन की सफलता पर शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, राजनीति और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं के भाग लेने पर उनका दिल से आभार व्यक्त करने हुए कहा कि इस सम्मेलन महिला आरक्षण बिल की सफलता में बडी भूमिका का निर्वहन करेगा। वहीं नगर निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए इतिहास का साक्षी बन रहा है। वर्षों से लंबित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) का पारित होना इस बात का प्रमाण है कि वर्तमान सरकार महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति पूर्णतः संकल्पित है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि 48.5 प्रतिशत की आबादी वाली नारी शक्ति अब अपनी उपस्थिति और क्षमता का लोहा मनवा रही है।

प्रधानमंत्री का यह विजन कि महिलाएं ही राष्ट्र की आधारशिला हैं, आज धरातल पर क्रियान्वित होता दिख रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों को साकार करते हुए आज आधी आबादी को उनका हक मिल रहा है। यह वह समय है जब महिलाएं केवल घरों तक सीमित न रहकर देश की नीतियों को तय करने में अपनी मुहर लगा रही हैं। इस अवसर पर एडीसी अंजलि श्रोत्रिया, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, महिला जिलाध्यक्ष राजबाला सरदना,सीडीपीओ मिनाक्षी चौधरी , पदमश्री सुमित्रा गुहा, बाईजी, पैरा एथलीट कंचन लखानी, कैप्टन दीपाली तोमर, किक बॉक्सर जीवन ज्योत कौर, माधवी हंस, ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, प्रीति दीदी, शिक्षाविद रेनू सूद, शेल जैन, डॉ पुनिता हसीजा, सीए अलका चड्ढा , पायल खुराना, नादिता राकेश, आशु मेहरा, रेनू अग्रवाल, डॉ अविनाशा शर्मा, नीतू माहेश्वरी, डॉ. शीला सचदेवा, श्रीमती सैल जैन, पायल मलिक, पूजा भंडारी, एडवोकेट डिंपच चौधरी, नमिता राकेश, रश्मि सावंत, ममता राघव, अंशु मेहरा, सहित अन्य कई अधिकारीगण और गणमान्य व्यक्तिगण मौजूद रहे।

## शेष पेज एक...

### राजनैतिक चटखारे

नीति है, अब इस पर यही विधायक भाजपा का गुणगान करते रहें तो ठीक है, वरना भाजपा इन दिना उन क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने की जुगत में लगी है जहां पर वह चुनाव हारी थी तो ऐसे में इन विधायकों को वह महत्व मिलेगा जो निर्दलीयों को मिल रहा है इसकी संभावना कम ही दिखाई देती है,वैसे भी यदि बात राज्यसभा चुनाव की जाए तो दो साल बाद होने वाले राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस से निकाले गए यह विधायक वोट कांग्रेसी उम्मीदवार को तो देने से रहे, फिर सत्ताधारी दल के अतिरिक्त उन पर रास्ता भी क्या बचना है?

**महिला जनप्रतिनिधि पतियों की बढ सकती है परेशानी?**

केन्द्र की भाजपा सरकार की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के विधेयक को पास करने के बाद उन नेताओं के लिए परेशानी बढ सकती है जो कि इन दिनों अपनी पत्नी या परिवार की महिला जनप्रतिनिधि के नाम पर ही अपनी चौधर चला रहे हैं। अधिकतर बैठकों में यह देखा जाता है कि महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति या परिवार के अन्य सदस्य ही बैठकों में हिस्सा लेते हैं, हालांकि कई बार उनको इन बैठकों से बाहर भी किया गया है, और उनको बोलने से रोका भी गया है, लेकिन फिर भी अधिकतर बैठकों में ऐसा ही होता है कि महिला जनप्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व उनके परिवार के पुरुष ही करते हैं, लेकिन माना जा रहा है कि अब जब मोदी सरकार ने महिलाओं के राजनीति में सशक्तिकरण पर जोर दिया है तो इस तरह के नेताओं को पर्दे के पीछे जाना पडेगा, जो अपने घर की महिला जनप्रतिनिधि के नाम पर अपनी चौधर चला रहे हैं। इसकी वानगी आज ऐतिहासिक नगरी में स्थानिय विधायक की बैठक के बाद मिली, असल में इस बैठक में भी महिला निगम पार्षदों के स्थान पर उनके पति ही उपस्थिति थे, पर मोदी जी के के मिशन से प्रभावित स्थानीय विधायक को बाद में यह कहना पडा कि आगे से महिला जनप्रतिनिधि इस तरह की बैठकों में हिस्सा लेगीं?

**महिला नेत्री बनाम नेताओं की ग्रहणी कौन होगा प्रभावी?**

प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद वर्तमान समय में सक्रिय महिला नेत्रियों को महत्व मिलेगा या फिर उन नेताओं की पत्नियों को जो कि इन दिनों पार्टी पर प्रभावी है? यह एक ऐसी चर्चा है जिसने अभी से अपने पैर पसारने शुरु कर दिए हैं? असल में यह तय है कि जब 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगीं तो लगभग पचास प्रतिशत सीटों पर महिला चुनाव लडेगीं, क्योंकि अपनी परम्परागत सीट को शायद ही कोई महिला नेत्री छोडेगी? ऐसे में अब दूसरे दल की महिला नेत्रियों ने भाजपा में अपने लिए स्थान तलाशने भी शुरु कर दिए हैं, क्योंकि आज की तारीख में हर नेता भाजपा को अन्य दलों के मुकाबल खासा सुरक्षित मान रहा है? लेकिन वर्तमान समय में सक्रिय महिला नेत्रियों के लिए सबसे बडी चुनौती उन महिलाओं से मिलना माना जा रहा है जो कि अभी तक उन नेताओं के घरों को चला रहीं हैं जो कि राजनीति में सक्रिय हैं,हालांकि भाजपा खुद को परिवार वाद के खिलाफ प्रचारित करती है, लेकिन इतने बडे बदलाव में भाजपा भी परिवार बाद को लेकर अपनी नीति को नहीं बदलेगी इसको लेकर संशय है। केवल भाजपा ही नहीं नेताओं के घरों की गृहणियां तो हर दल में पार्टी की नेत्रियों को चुनौती देने को तैयार मानी जा रहीं हैं?

### सीएमओ में विभागों का ...

जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएम के नये उप प्रधान सचिव अजय कुमार को सात विभाग सौंपे गए हैं, जबकि सीएम के ओएसडी राज नेहरू के पास तीन विभाग और ओएसडी विवेक कालिया के पास सीएम विंडो व जनसंवाद की जिम्मेदारी रहेगी। सीएम के ओएसडी सुधांशु गौतम के पास तबादलों व मकान आवंटन समेत पांच कार्यक्षेत्र रहेंगे, जबकि ओएसडी राकेश संधू सीएम विंडो और ग्रीवेंस और नरेंद्र पाल मलिक सीएम घोषणाएं देखेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी मुख्यमंत्री के पास आने वाली फाइलों के निस्तारण, नीतिगत निर्णयों के क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय की जिम्मेदारी निभाते हैं। नई व्यवस्था में मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के पास वित्त, राजस्व, सामान्य प्रशासन, स्वास्थ्य, उद्योग, शहरी विकास, विधायी कार्य, आपदा प्रबंधन सहित प्रमुख विभागों की समग्र जिम्मेदारी रखी गई है।

प्रधान सचिव अरुण गुप्ता के पास नागरिक उड्डयन, पर्यावरण, खनन, लोक निर्माण, सामाजिक न्याय, परिवहन और शहरी निकाय जैसे विभागों का दायित्व होगा। मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कार्य भी उनके स्तर पर मॉनिटर किए जाएंगे। कामकाज के नये बंटवारे में उप सचिव अजय कुमार को सहकारिता, चुनाव, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास, आवास योजनाओं सहित कई अहम विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही बजट घोषणाओं और लंबित परियोजनाओं की निगरानी का कार्य भी उनके पास रहेगा। उप सचिव यशपाल को पंचायत, विकास, श्रम, स्कूल शिक्षा, खेल और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी जैसे विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री के ओएसडी स्तर के अधिकारियों को भी विशिष्ट कार्य दिए गए हैं। अधिकारियों के बीच सरकारी विभागों के कामकाज के बंटवारे से जवाबदेही तय होगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व समयबद्ध बनेगी।

### हरियाणा कांग्रेस के पांच ...

पर की गई और इसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मंजूरी भी प्राप्त है। राव नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर इसकी अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला सभी नेताओं और कार्यकताओं के लिए एक सख्त संदेश है कि पार्टी के सामूहिक निर्णयों के खिलाफ जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय है। निलंबित विधायकों में से एक जरनैल सिंह ने अपनी ही पार्टी के नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े किए और इसे एकतरफा कार्रवाई करार दिया। विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि पार्टी ने उनके साथ 'धक्का' किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से उन्हें नोटिस भेजा गया था जिसका उन्होंने विधिवत जवाब भी दिया था। इसके बावजूद, उनकी बात सुने बिना ही उन्हें निलंबित कर दिया गया। हाईकमान को चाहिए था कि वे हमें बुलाते और हमारा पक्ष सुनते। जिस पार्टी के प्रति मैं हमेशा वफादार रहा, उसने मुझे यह 'इनाम' दिया है। अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए जरनैल सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि हुड्डा ने उन्हें उनकी वफादारी का यह सिला दिया है। जरनैल सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि उन्होंने बीते 20 वर्षों से रतिया में खून-पसीना एक करके कांग्रेस को मजबूत किया है और आज पार्टी को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। विधायक ने अपनी ताकत का एहसास करवाते हुए कहा कि रतिया के 87 हजार मतदाताओं ने उन्हें चुनकर विधानसभा भेजा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अभी भी खुद को कांग्रेस का सिपाही मानते हैं।अगर उन्हें सस्पेंड करने का आधिकारिक पत्र मिलता है, तो वे सीधे अपने समर्थकों और क्षेत्र की जनता के बीच जाएंगे। जनता और समर्थकों से राय-मशवरा करने के बाद ही वे अपनी अगली राजनीतिक रणनीति तय करेंगे। जरनैल सिंह ने कहा कि वे इस मुद्दे को लेकर पार्टी हाईकमान से भी मुलाकात करेंगे। फिलहाल, रतिया विधायक के तेवरों से साफ है कि आने वाले दिनों में हरियाणा कांग्रेस के भीतर की अंतर्कलह और गहरा सकती है।

### सभी नगर निकायों में एक मई से ....

के लिए सुझाव देने के लिए भी प्रेरित किया और कहा कि अच्छे सुझावों पर गौर करके उनको कार्य में सम्मिलित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वार्ड समिति के इन सदस्यों को जनता और सरकार के मध्य एक सेतु बताते हुए कहा कि अगर कोई अधिकारी कूड़े के उठान से संबंधित उनकी शिकायत नहीं सुनता है तो राज्य मुख्यालय पर एक हेल्पलाइन नंबर भी दिया जाएगा जिस पर वे अपनी शिकायत उच्च स्तर तक पहुंचा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निर्धारित स्थान की बजाए अन्य स्थान पर कूड़ा फेंकने वाले नागरिकों को समझाएं, टोकें, फिर धीरे-धीरे उनका भी मूड बदलने लगेगा और वे भी स्वच्छता में सहभागी बन जाएंगे। उन्होंने वार्ड समिति के सदस्यों को मेरा वार्ड, स्वच्छ वार्ड के संकल्प को पूरा करने के लिए आान करते हुए कहा कि उन्होंने अधिकारियों को इन सदस्यों की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने सदस्यों को अपने -अपने क्षेत्र में सभी समुदायों के बीच शांति, सौहार्द एवं भाईचारा रखने में सहयोग करने की अपील भी की है। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक पार्क, स्ट्रीट लाइट, स्टेडियम, सरकारी अस्पतालों में भी स्वच्छता के साथ-साथ अन्य बुनियादी सुविधाओं में कमियों की तरफ भी प्रशासन तथा सरकार का ध्यान आकर्षित करने को कहा। उन्होंने पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए भी जनता की मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव यशपाल तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के मिशन-निदेशक शाश्वत सांगवान के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### भारत और ऑस्ट्रिया के बीच कई....

श्रद्धांजलि दी और उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित किए। चांसलर स्टॉकर अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं। साल 2025 में पद संभालने के बाद यह उनकी पहली भारत और एशिया यात्रा है। बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी चांसलर स्टॉकर से मुलाकात की थी। इसको लेकर विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर खुशी जताते हुए कहा कि यह मुलाकात दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।


17 april satyajay times:29-dummy-1 4/16/2026 10:44 PM Page 5



## संक्षिप्त समाचार

### किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है सरकार : पंवार

**चंडीगढ, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पानीपत के बुआना लाखु गांव में हुई आगजनी की घटना में जिन किसानों की फसलें जलकर नष्ट हो गई हैं, उन्हें सरकार द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने वीरवार को पानीपत में प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर किसानों की स्थिति का जायजा लिया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर तेजी से कार्रवाई करते हुए उन्हें जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का सही आकलन कर प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने में कोई देरी न हो। गौरतलब है कि गत दिवस बुआना लाखु गांव में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में करीब 32 किसानों की लगभग 80 एकड़ में खड़ी गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इस घटना ने किसानों को आर्थिक रूप से गहरा आघात पहुंचाया है। प्रशासन द्वारा मामले की दो बार जांच भी की जा चुकी है, ताकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। विकास मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की मेहनत और उनकी आजीविका के महत्व को भली-भांति समझती है। उन्होंने दोहराया कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ सीधे किसानों तक पहुंच रहा है।



### फायर ब्रिगेड के दो कर्मचारी आग बुझाने के समय झुलसे, मौत

**सोहना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** हरियाणा सर्व कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर नगर परिषद में कार्य कर रहे कार्यकारी अभियंता विक्की कुमार को ज्ञापन सोपा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आपकी मांगों को जल्दी पुरी कर दी जाएगी आज के दिन नगर परिषद सोना में एक विरोध प्रदर्शन हुआ विरोध पर प्रदर्शन 16 फरवरी को फरीदाबाद बी मार्केट में आग लगने से 37 लोग घायल व चार लोग मारे गए जिसमें फायर ग्रेट के दो कर्मचारी भविष्यचंद शर्मा रणवीर सिंह आज को



बुझाते हुए और लोगों की जान बचाते हुए मारे गए दोनों कर्मचारियों को सरकार द्वारा अभी तक कोई मुआवजा राशि नहीं दी गई है हम सरकार से इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सूचित करते हैं कि की दोनों कर्मचारियों को मुआवजा रूप में कर्मचारी के परिवार को एक-एक करोड़ की राशि प्रदान करें और दोनों परिवारों को एक-एक सरकारी पक्की नौकरी दे तथा दोनों कर्मचारियों को शाहिद का दर्जा देने का कष्ट करें इस इस विरोध प्रदर्शन में अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सोना के प्रधान विक्रम और मंच का संचालन कर रहे सर्व कर्मचारी हरियाणा ब्लॉक सोने के वरिष्ठ प्रधान सुभाष खटाना और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सोने के ब्लॉक प्रधान प्रेमपाल जी फाइव ग्रेट के के प्रधान नरेश साधना जी इसके अलावा प्रत्येक विभाग से आए हुए पदाधिकारी और कर्मचारी नगर परिषद सोना के सफाई कर्मचारी ने जोरदार तारों के साथ प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को विपिन गोयल स्थानीय शहरी मंत्री मुख्य सचिव हरियाणा सरकार डायरेक्टर शहरी स्थानीय निकाय को विक्की एक्शन के माध्यम से मांग पत्र दिया।




**ताऊ** - अरे मौल्लड़ संसद में मोदी बोले महिलाएं पंचायत से पार्लियामेंट आएंगी विरोधी चुकाएंगे कीमत ।
**मौल्लड़** - ताऊ विपक्ष का विरोध।
**ताऊ** - सीधा समझा विरोध का कारण बता।
**मौल्लड़** - कोटे में कोटा, परिसीमन का विरोध, उत्तर दक्षिण भेदभाव का डर दिखा विपक्षी विरोध।

# राज्यपाल ने बंगाली समुदाय से हरियाणा के तीव्र एवं समग्र विकास से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

## राज्यपाल ने बंगाली संस्कृति को सहेजने के प्रयासों की करी सराहना

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने बंगाली समुदाय से आह्वान करते हुए कहा कि वे हरियाणा में सभी क्षेत्रों में हो रहे तीव्र एवं समग्र विकास के बारे समझे और उससे प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि बंगाली समुदाय, जो अपनी कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, उसे हरियाणा प्रदेश की विकास यात्रा से सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।



राज्यपाल चंडीगढ़ स्थित बंगा भवन में बंगाली नववर्ष के अवसर पर बांगीय सांस्कृतिक सम्मिलनी द्वारा आयोजित पोहेला बोइशाख समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लेडी गवर्नर मित्रा घोष भी उपस्थित थीं। बंगाली लोक कला एवं लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में बांगीय सांस्कृतिक सम्मिलनी की भूमिका की सराहना करते हुए माननीय राज्यपाल ने हरियाणा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरियाणा खेलों में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और तेजी से शिक्षा तथा उद्योग के केंद्र के रूप में उभर रहा है।

अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों और उद्योगों की उपस्थिति के साथ, राज्य जीएसटी संग्रह और प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी अग्रणी है। इस प्रगति के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने बंगाली समुदाय को प्रेरित किया कि वे अपनी आकांक्षाओं को राज्य के विकास की गति के साथ जोड़कर आगे बढ़ें। पोहेला बोइशाख के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए प्रो. असीम कुमार घोष ने डॉ. अमित भट्टाचर्जी के उन प्रयासों की सराहना की, जिनके माध्यम से उन्होंने विलुप्तप्राय लोक नाट्य कला जात्रा-सोनाई दीघी का पुनर्जीवन किया है।

उन्होंने इस पारंपरिक कला के संरक्षण एवं संवर्धन में बांगीय सांस्कृतिक सम्मिलनी के निरंतर प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि यह संस्था बंगाली संस्कृति को जीवंत बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि यहाँ बंगाली त्योहारों और रीति-रिवाजों को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर सम्मिलनी के सदस्यों द्वारा आकर्षक पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव विजय कुमार भाविकट्टी, राज्यपाल के एडीसी स्क्वाड्रन लीडर पी. भरत, राज्यपाल के निजी सचिव शंख चटर्जी, बंगा भवन के महासचिव कर्नल दीपक दे, डॉ. अमित भट्टाचर्जी और बांगीय सांस्कृतिक सम्मिलनी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### गरिमा गर्ग ने दसवीं कक्षा में अच्छे अंक लेकर परिवार का नाम किया रोशन

**सोहना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** आज के समय में बेटी भी शिक्षा के क्षेत्र में बेटों से आगे अच्छे अंक प्राप्त करके परिवार का नाम रोशन कर रही है एडवोकेट सुमित गर्ग की भतीजी गरिमा गर्ग अनमोल पुत्री समाजसेवी जितेंद्र गर्ग वार्ड नंबर 14 की रहने वाली ने अपने स्कूल में दसवीं कक्षा में 96% अंक प्राप्त करके जहां परिवार का नाम रोशन किया है।



मैं स्कूल का नाम की भी पहचान बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है स्कूल प्रशासन के मैनेजर डायरेक्टर नरेंद्र यादव प्रिंसिपल मंजू जांगड़ा अध्यापिका अनुपम केशव अभिजीत राघव नफे सिंह आदि का स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्रों के प्रति कड़ी मेहनत करके छात्रों को इस मुकाम तक पहुंचने का काम करते हैं जहां परिवार के लोग भी खुशी से झूम उठते हैं वहीं स्कूल का नाम भी दूर-दूर तक रोशन करते हैं।

एडवोकेट सुमित गर्ग एवं अग्रवाल सभा के युवा प्रधान ने कहा कि जिस प्रकार स्कूल में शिक्षा देने वाले शिक्षकों का अहम योगदान होता है ठीक उसी प्रकार बच्चों के माता-पिता भी अपनी बिटिया हो या बेटा के प्रति शिक्षा के प्रति आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं छोड़ते हैं क्योंकि आज के समय में बेटियां भी बेटों से काम नहीं है और खेल कूद आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने परिवार का नाम रोशन कर रही है माता-पिता की सोच बेटी और बेटे के अंतर को पूरी तरह से समाप्त करने में लगे हुए हैं।

बिटिया जो माता-पिता का जीवन भर सुख दुख में साथ निभाना सकेगी वह बेटा भी नहीं कर सकता जो आज की सच्चाई है और लोगों के सामने देखने के लिए मिल रहा है एडवोकेट सुमित गर्ग ने यह भी कहा कि दादा दादी के लिए परिवार पोती हो सबसे ज्यादा लाडले होते हैं उनके थोड़ा भी दुख हो जाता है तो यह समझते हैं कि हमारे दिल में गहरी चोट लगी है दादी दादा के लिए परिवार के सभी सदस्य अनमोल रतन है जिनका दुख नहीं देख पाते है दादा दादी माता-पिता के आशीर्वाद से ही परिवार का सदस्य जीवन में भगवान की असीम कृपा बनी रहती है और अपने मकसद को प्राप्त करने में अवश्य सफलता मिलती है।

# सीएफएमएस पर लंबित फाइलों का 15 दिन में निपटारा करें सुनिश्चित : मुख्यमंत्री

## कहा- एचआरएमएस 2.0 की प्रगति, ई-ऑफिस के उपयोग और जवाबदेही हो तय

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएफएमएस पोर्टल पर लंबित सभी फाइलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की देरी प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करती है, इसलिए फाइलों को समयबद्ध तरीके से निपटाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लंबित फाइलों का निपटारा अधिकतम 15 दिनों के भीतर पोर्टल के माध्यम से किया जाए। मुख्यमंत्री आज यहां सिविल सचिवालय में ह्यूमैन रिसोर्स मॉड्यूल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सीएफएमएस में लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा करें और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर फाइलों को समय-समय पर अपडेट करना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे।



उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस के पूर्ण क्रियान्वयन से न केवल कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर महीने इसकी नियमित समीक्षा की जाए और वे स्वयं भी इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। मुख्यमंत्री ने एचआरएमएस के अंतर्गत मौजूद सभी 18 मॉड्यूल्स को विभागवार अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे मानव संसाधन प्रबंधन में एकरूपता और सुगमता आएगी।

उ न्हों ने एचआरएमएस 2.0 के विकास की प्रगति, संबंधित अधिनियम की अधिसूचना की स्थिति और इसके क्रियान्वयन की समय-सीमा की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के तहत अनुपालना की स्थिति का नियमित मूल्यांकन किया जाए और लंबित कार्यों की पहचान कर उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए, जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि फाइलों का समय पर निपटारा सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि प्रदेश के विकास कार्य निर्बाध रूप से चलते रहें और जनता को बेहतर सेवाएं मिलती रहें।

बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, ट्रेजरी एंड अकाउंट्स के डायरेक्टर जनरल सीजी रजनीकांथन, एचआरडी की डायरेक्टर श्रीमती मनदीप कौर, सीएमजीजीए के निदेशक डा. यशपाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आज से लाइव होंगे सीनियर सैकेण्डरी द्वितीय वार्षिक परीक्षा के एडमिट कार्ड

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 21 अप्रैल से संचालित करवाए जाने वाली सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी एवं गुरूकुल/विद्यापीठ की द्वितीय वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) 17 अप्रैल, 2026 से बोर्ड वेबसाइट www.bseh.org.in पर लाइव होंगे। इन परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में जिलास्तर पर 22 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन परीक्षाओं में लगभग 6298 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे, जिनमें सैकेण्डरी के 1972 तथा सीनियर सैकेण्डरी के 4326 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा का समय दोपहर 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक रहेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (नियमित/मुक्त विद्यालय) एवं गुरूकुल/विद्यापीठ (पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक) की द्वितीय वार्षिक परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) कल से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव होंगे।

उन्होंने बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 21 अप्रैल से 28 अप्रैल, 2026 तक तथा सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 21 अप्रैल से 01 मई, 2026 तक संचालित होंगी। परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर पिछला अनुक्रमांक/नाम, पिता का नाम, माता का नाम भरते हुए डाउनलोड कर सकते हैं। सभी परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र का रंगीन प्रिंट आऊट ए-4 साईज पेपर पर डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। यदि उनके विवरणों में कोई त्रुटि है तो तुरंत बोर्ड कार्यालय में संपर्क करते हुए शुद्धि करवा लें। सभी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र पर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

### ओजस गुप्ता ने लहराया परचम, दसवीं कक्षा में हासिल किए 97 प्रतिशत अंक

**सोहना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** मन में लग्न व दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता है। तथा ऐसा व्यक्ति अपनी मेहनत के बल पर समाज में सम्मान प्राप्त करता है। उक्त बात को चरितार्थ किया है सोहना के भांजे व फरीदाबाद के रहने वाले ओजस गुप्ता ने। जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की वार्षिक परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक हासिल करके परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया है। जिसकी इस सफलता पर लोगों ने बधाई दी है। फरीदाबाद निवासी दीपक गुप्ता एडवोकेट व शिक्षिका मोनिका अग्रवाल के बेटे ओजस गुप्ता ने बुधवार को घोषित सीबीएसई बोर्ड के दसवीं के वार्षिक परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करके 96.4 प्रतिशत अंक हासिल करके परचम लहरा डाला है। ओजस डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 14, फरीदाबाद का विद्यार्थी है। जो पढ़ाई में शुरू से ही अव्वल रहा है। जिसने मिडिल कक्षा में भी 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। ओजस पढ़ाई के अलावा खेलने, घूमने, डांस आदि का भी शौकीन है। जिसकी सफलता पर घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



**लोग दे रहे बधाई:** ओजस की सफलता पर मुबारकबाद देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों विधायक तेजपाल तंवर, करनी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, व्यापार मंडल प्रधान अशोक गर्ग, राजू मित्तल, पार्षद संदीप सिंगला, भाजपा नेता कृष्ण मुखी, एडवोकेट अनुराग जिंदल, एडवोकेट मनोज जिंदल, पूर्व पार्षद डॉक्टर सतीश तंवर, समाजसेवी आनंद गर्ग, मनीष गोयल आदि ने बधाई दी है।

# नगर निगम पंचकूला व अंबाला चुनाव तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण की अध्यक्षता में आज नगर निगम पंचकूला एवं अंबाला के आम चुनावों की तैयारियों को लेकर पंचकूला में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

देवेंद्र सिंह कल्याण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची, ईवीएम, चुनाव सामग्री, कानून व्यवस्था, संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान, मतदान कर्मियों की तैनाती, प्रशिक्षण, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं तथा दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाओं सहित सभी प्रबंध समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किए जाएं।

**ईवीएम, चुनाव सामग्री और आचार संहिता पालन के निर्देश:** बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि चुनाव के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री की उपलब्धता पहले से सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर कोई बाधा उत्पन्न न हो। देवेंद्र सिंह कल्याण ने कहा कि 13 अप्रैल 2026 से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है, इसलिए चुनाव कार्य से जुड़े किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक नहीं किया जाएगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार की नई योजना- परियोजना का शिलान्यास व उद्घाटन नहीं किया जाएगा।

**मतदाता सूची और नामांकन प्रक्रिया पर विशेष जोर :** राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नगर निगम पंचकूला की वार्डवार अंतिम मतदाता सूची 27 मार्च 2026 को प्रकाशित की जा चुकी है। नियमों के अनुसार चुनाव कार्यक्रम जारी होने से नामांकन की अंतिम तिथि तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने का अधिकार रहेगा। केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम संबंधित वार्ड में जोड़े जा सकेंगे, जिनका नाम विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में मौजूद है, लेकिन नगर निगम की वार्डवार सूची में शामिल नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी संभावित प्रत्याशी का नाम संबंधित वार्ड की मतदाता सूची में विधिवत शामिल है तो उसे नामांकन दाखिल करने की अनुमति दी जाएगी।

> ● राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के दिए निर्देश।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की तुरंत पहचान कर वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। देवेंद्र कल्याण ने कहा कि मतदान केंद्रों, मतगणना केंद्रों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध रहे। उन्होंने पुलिस विभाग को असामाजिक तत्वों, अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियारों एवं आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। मतदान दिवस से पहले विशेष अभियान चलाने, नाकों और गश्त बढ़ाने तथा मतदान केंद्रों के आसपास वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के निर्देश भी दिए गए। जिन मतदान केंद्रों अथवा संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकता हो, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए।

**बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी निर्बाध:** बैठक में 09 मई से 13 मई 2026 तक बिजली और पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने पर बल दिया गया।

देवेंद्र सिंह कल्याण ने स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक मतदान दल को प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराने तथा मतदान दिवस पर मतदाताओं के लिए आवश्यक चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अंबाला बनेगा एयर कनेक्टिविटी हब, ऑफ-एयरपोर्ट कार्गो टर्मिनल की भी तैयारी : विज

## अंबाला एयरपोर्ट से बढ़ेगी कनेक्टिविटी और व्यापार, अयोध्या-श्रीनगर समेत कई रूट्स पर तैयारी

**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में निर्मित डोमेस्टिक एयरपोर्ट का उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा। इस संबंध में आज हरियाणा सिविल विमानन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में एयरपोर्ट के शेष कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

**अंबाला छावनी एयरपोर्ट का दौरा करेगी तकनीकी टीम:** बैठक की अध्यक्षता करते हुए विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम गठित कर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया जाए, ताकि तकनीकी रूप से लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, कंट्रोल रूम की स्थापना, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं, ऑनलाइन यूपीएस, छोटे सिविल कार्य एवं कार्यालय की आवश्यकताओं से जुड़े अन्य कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, स्टाफ एवं वाहनों की उपलब्धता को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। वही, दूसरी ओर विज ने अधिकारियों को कार्गो की सुविधा के लिए ऑफ-एयरपोर्ट एयर टर्मिनल स्थापित करने के संबंध में भी निर्देश दिए। **अंबाला छावनी में एयरपोर्ट स्थापित होने से व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा बढावा:** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अंबाला छावनी एक प्रमुख जंक्शन है और यहां से हवाई सेवाएं शुरू होने पर आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, कैथल, करनाल और पानीपत सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों के अलावा पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शहर के भीतर स्थित होने के कारण यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। **डोमेस्टिक एयरपोर्ट के शुरू होने से क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे :** विज ने बताया कि अंबाला से अयोध्या के लिए प्रस्तावित उड़ान को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है और उड़ान शुरू होने का इंतजार किया जा रहा है। इसके अलावा, विज ने बताया कि अंबाला से श्रीनगर रूट पर एक कंपनी को कार्य दिया जा रहा है जबकि अंबाला-लखनऊ इत्यादि शहरों के लिए विभिन्न एयरलाईन कंपनियों ने आवेदन किया है जिस पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, इस डोमेस्टिक एयरपोर्ट के शुरू होने से क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। **विज डोमेस्टिक एयरपोर्ट का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश:** बैठक से पूर्व विज ने डोमेस्टिक एयरपोर्ट, अंबाला छावनी का निरीक्षण किया तथा पीडब्ल्यूडी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने यात्रियों की सुविधाओं-जैसे आवागमन, खान-पान, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग और लगाए गए उपकरणों, जिनमें बैगेज स्कैनर आदि शामिल हैं, की जानकारी ली। **ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से बना डोमेस्टिक एयरपोर्ट:** उल्लेखनीय है कि इस डोमेस्टिक एयरपोर्ट के निर्माण के लिए अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन के निकट रक्षा मंत्रालय से लगभग 20 एकड़ भूमि 133 करोड़ रुपये में प्राप्त की गई। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से एयरपोर्ट का बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है तथा आवश्यक उपकरण स्थापित किए गए हैं। **एयरपोर्ट शुरू होने से यात्रियों को होगा लाभ:** अंबाला छावनी एक महत्वपूर्ण स्थान होने के चलते डोमेस्टिक एयरपोर्ट के शुरू होने से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। एयरलाइंस को यहां से संचालन की मंजूरी पहले ही प्रदान की जा चुकी है। बैठक में सिविल विमानन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी.अनुपमा, अतिरिक्त निदेशक मनीष कुमार लोहान, प्रोजैक्ट निदेशक ग्रुप कैप्टन ए.एस. गिल और परामर्शदाता (योजना) एम.एस. दूहन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-06-26-27-W-II दिनांक: 15.04.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-06 | **कार्य का नाम** :– वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता शामली के कार्य क्षेत्र में 1. DSA-SMQL-TPZ खंड में अतिक्रमण की रोकथाम के लिए KPKI, SMQL, HIND और THBN पर 4 किमी की प्रिकास्ट आरसीसी चारदीवारी का निर्माण और 2. DSA-SMQL-TPZ खंड में अतिक्रमण की रोकथाम के लिए NO, BHHZ, KEX और BPM पर 4 किमी की प्रिकास्ट आरसीसी चारदीवारी का निर्माण आदि कार्यों का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत (रुपये): 90186321.02 बयानाराशि (रुपये):– 1803700.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 12.05.2026 को 15:00 बजे |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

1256/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सत्यजय टाईम्स हिंदी दैनिक

फरीदाबाद, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026

## संक्षिप्त समाचार

### डीसी ने किशोरों के लिए वोकेशनल इलेक्ट्रीशियन कोर्स किया शुरू



**लुधियाना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** किशोरों के पुनर्वास और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आज शिमलापुरी के सोशल वेलसी फेयर कॉम्प्लेक्स स्थित ऑब्जर्वेशन होम में एक दोहरी पहल वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में व्यंजनों के स्वाद चखने का सत्र और एक विशेष इलेक्ट्रीशियन कोर्स का औपचारिक शुभारंभ शामिल था। यह कार्यक्रम लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर, हिमांशु जैन के दूरदर्शी मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। ये पहलें 'फिलैंथ्रॉपी क्लब' (श्रीमती लखमिंदर कौर छाबड़ा के नेतृत्व में) और 'सन फाउंडेशन' (सुश्री शुभांगी सिंह के नेतृत्व में) के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसे बजाजसन्स लिमिटेड की श्रीमती विम्मी बजाज की उरफपहल का समर्थन प्राप्त है।

श्रीमती वीनू राय ढांडा के नेतृत्व में 'कुक एन स्टाइल' कुकिंग कक्षाओं के तहत, एक स्वाद चखने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मेहमानों ने वहां रहने वाले किशोरों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा, जिससे भोजन तैयार करने और उसे परोसने के पेशेवर कौशल में उनकी प्रगति स्पष्ट रूप से दिखाई दी। सत्र के अंत में उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

सन फाउंडेशन के सहयोग से शुरू किए गए इस इलेक्ट्रीशियन कोर्स का उद्देश्य तकनीकी प्रमाणन प्रदान करना है, जिसके माध्यम से छात्र बिजली के रखरखाव और मरम्मत के आवश्यक कौशल सीखेंगे। ये वोकेशनल कार्यक्रम विशेष रूप से इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि ऑब्जर्वेशन होम में बिताए गए समय को उत्पादक विकास के दौर में बदला जा सके।

### सरकारी दफ्तरों में साफ-सफाई और बेसिक सुविधाओं न होने पर योगेश खन्ना ने जताई चिंता

**लुधियाना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** पब्लिक एक्शन कमेटी (रजिस्टर्ड), लुधियाना के मेंबर, एडवोकेट योगेश खन्ना ने डिप्टी कमिश्नर, लुधियाना को एक फॉर्मल रिप्रेजेंटेशन दिया है, जिसमें मिनी सेक्रेटेरिएट और जिले भर के अलग-अलग बड़े सरकारी ऑफिसों में सैनिटेशन सुविधाओं की खराब और गंदी हालत के बारे में बताया गया है। ह्लपेड़ बचाओ, पानी बचाओ, मिट्टी बचाओ, पर्यावरण बचाओह्व मिशन के तहत एनवायरनमेंट अवेयरनेस पर एक्टिव रूप से काम करने वाली एक संस्था, ढअउ ने सीनियर सिटिजन,



महिलाओं और आम जनता से सरकारी ऑफिसों में वॉशरूम की खराब हालत और बेसिक सुविधाओं की कमी के बारे में कई शिकायतें मिलने के बाद गंभीर चिंता जताई है। रिप्रेजेंटेशन में बताए गए ऑफिस में शामिल है ऑफिस,पुलिस कमिश्नर ऑफिस, ऑफिस (वेस्ट और ईस्ट), ऑफिस, कमिश्नर ऑफिस, पानी और सिंचाई डिपार्टमेंट ,डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट कॉम्प्लेक्स,बैरिस्टर चैंबर कॉम्प्लेक्स, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिस इलेक्शन कमीशन ऑफिस, फैसिलिटेशन सेंटर और लोकसभा ऑफिस है। एडवोकेट खन्ना ने कहा कि ऐसे हालात न सिर्फ. आम लोगों, खासकर बुजुर्ग टूरिस्ट को बहुत परेशानी देते हैं, बल्कि इंफेक्शन और फैलने वाली बीमारियों के फैलने सहित गंभीर हेल्थ रिस्क भी पैदा करते हैं। एडवोकेट खन्ना ने उम्मीद जताई कि प्रशासन बुनियादी इंसानी इज्जत बनाए रखने और सरकारी दफ़्तरों में आने वाले लोगों के लिए जरूरी सुविधाएँ पक्का करने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगा। उन्होंने आगे कहा, "साफ सफाई तक पहुँच कोई खास अधिकार नहीं, बल्कि एक बुनियादी जरूरत है।"

### रामगढ़िया गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया विश्व कला दिवस

**लुधियाना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** रामगढ़िया गर्ल्स कॉलेज, लुधियाना के फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा दो दिन का विश्व कला



दिवस मनाया गया।छात्रों ने भारत की लोक कला मधुबनी और पिचवई चित्रकला की प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की।यह सारी प्रस्तुति फाइन आर्ट्स विभाग की अध्यक्षा प्रो.तरविंदर कौर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। छात्राओं ने रंगों व ब्रश के माध्यम से अपनी आशाएँ और आकांक्षाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट परियोजना पर भी काम किया, जिसमें पेंट के खाली ड्रमों का उपयोग करके कॉलेज बगीचे में एक बेंच बनाई गई,जो बहुत मजबूत और आकर्षक बनी। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ.अजीत कौर ने फाइन आर्ट्स विभाग और उनकी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह अनोखी बेंच कॉलेज के कला स्थल में एक जीवंत योगदान है।कार्यक्रम का समापन गुलमोहर के पेड़ों के नीचे उस बेंच के स्थापना समारोह के साथ हुआ।

# यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव ने ऑनलाइन स्व-गणना कर डिजिटल जनगणना को दिया बढ़ावा

## जनगणना 2027 में नागरिकों से सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान



**चंडीगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव H. Rajesh Prasad ने आज ऑनलाइन जनगणना पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक अपना स्व-गणना पूर्ण किया। स्व-गणना की प्रक्रिया को Navjot Khosa, निदेशक, जनगणना संचालन निदेशालय, यूटी चंडीगढ़ तथा Nishant Kumar Yadav, उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ द्वारा सुगम बनाया गया। यह पहल यूटी प्रशासन की तकनीक के माध्यम से कुशल, पारदर्शी एवं नागरिक-अनुकूल जनगणना संचालन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्य सचिव द्वारा स्व-गणना कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है, जिससे सभी नागरिकों को इस सरल एवं सुरक्षित डिजिटल प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरणा मिलेगी। स्व-गणना के माध्यम से नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन अपने विवरण भर सकते हैं, जिससे सटीकता सुनिश्चित होती है और आमजन तथा गणनाकताओं दोनों का समय बचता है। इस प्रक्रिया के दौरान मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़ ने प्रभावी योजना निर्माण एवं नीति निर्धारण के लिए सटीक आंकड़ों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी नागरिकों से सहयोग करने तथा इस सरल, सुलभ और उपयोगकर्ता-अनुकूल स्व-गणना सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। जनगणना संचालन निदेशालय, यूटी चंडीगढ़, उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ तथा चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा स्व-गणना प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें नागरिकों की सहायता के लिए समर्पित टोल-फ्री हेल्पलाइन (1855) भी शामिल है, जहां वे अपनी शंकाओं या तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। नागरिकों से आग्रह किया जाता है कि वे आधिकारिक जनगणना पोर्टल पर जाकर निर्धारित समयावधि के भीतर अपनी स्व-गणना पूर्ण करें। एकत्रित की गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए, जनगणना अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। मुख्य सचिव द्वारा सफलतापूर्वक की गई स्व-गणना जनगणना 2027 के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे इस राष्ट्रीय अभियान में व्यापक जनभागीदारी को प्रेरणा मिलने की अपेक्षा है।

## जीवन प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन



**लुधियाना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** संचार लेखा नियंत्रक (सीसीए), पंजाब सर्कल के कार्यालय ने पेंशनभोगियों की सुविधा और उनकी पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 15 अप्रैल को बीएसएनएल जीएमटीडी कार्यालय, भारत नगर चौक, लुधियाना में सफलतापूर्वक एक जीवन प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लगभग 60 पेंशनभोगियों ने भाग लिया। इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा प्रदान करना और पेंशनभोगियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा सामना की जाने वाली पेंशन संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। शिविर के दौरान, अधिकारियों ने पेंशनभोगियों को मौके पर सहायता प्रदान की और पेंशन संबंधी मामलों, आवश्यक दस्तावेजों और पेंशन प्रक्रियाओं पर मार्गदर्शन दिया। शिविर में जीवन प्रमाण, ऑनलाइन पेंशन सेवाओं और डिजिटल इंडिया के तहत अन्य नागरिक-केंद्रित पहलों जैसी डिजिटल सेवाओं के बारे में भी जागरूकता पैदा की गई, जिससे पेंशनभोगी अपने घर बैठे सेवाओं का लाभ उठा सकें। इसके अलावा, प्रतिभागियों के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की गई। साथ ही, पेंशनभोगियों को साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें फर्जी कॉल/मैसेज, फिशिंग के प्रयासों से बचने और व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी को सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया गया। पेंशनभोगी संघों ने संचार लेखा नियंत्रक (सीसीए) पंजाब ने विजेंद्र एन. टंडन के कार्य और नेतृत्व की सराहना की, क्योंकि उन्हें हमेशा अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान मिला है। भाग लेने वाले पेंशनभोगियों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होती है।

## कार ने तीन महिलाओं को कुचला, मौत

**हापुड़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** यूपी के हापुड़ में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। हाफिजपुर थाना क्षेत्र में हाईवे-334 पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। इस हादसे में तीन महिलाओं की जान चली गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना गांव मुर्शदपुर के पास यादव ढाबे के सामने हुई। हादसे में बृजनाथपुर निवासी सितारा (52 वर्ष) और सरोज शर्मा (60 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। गांव की ही शारदा पत्नी लेखराम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रूबी पत्नी पवन और उसका छह वर्ष का पुत्र लविश भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। हादसे में जान गंवाने वाली सितारा की उम्र 52 वर्ष थी, जबकि सरोज शर्मा 60 वर्ष की थीं। दोनों बृजनाथपुर की निवासी थीं। शारदा पत्नी लेखराम ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। घायल रूबी और उनके छह वर्ष के बेटे लविश का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नारनौल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** नारनौल में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रदीप के रूप में हुई है, जो जमीन से जुड़े कार्य के बदले रिश्वत मांग रहा था। एसीबी के प्रभारी इंस्पेक्टर जयपाल सिंह ने बताया कि नारनौल के रहने वाले ओमप्रकाश नामक व्यक्ति ने लिखित शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार, वह अपनी जमीन का इंतकाल (दाखिल-खारिज) चढ़वाने के लिए कंसोलिडेटेड ऑफिस में तैनात पटवारी प्रदीप के पास गया था। इस दौरान आरोपी ने उससे 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। पीड़ित ने बताया कि पटवारी पहले ही तीन हजार रुपये ले चुका था और बाकी सात हजार रुपये शाम को देने के लिए कहा गया था। इसके बाद पीड़ित ने एसीबी से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी।

# तरुणप्रीत सौंद ने ब्यूटी एंड वेलनेस लैब और स्मार्ट क्लासरूम का किया उद्घाटन

## पंजाब सरकार ने एजुकेशन बजट बढ़ाया, ग्रांट स्कूलों तक पहुंची



**लुधियाना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप वाली पंजाब सरकार ने 2021-22 में एजुकेशन बजट को 12,657 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2026-27 में 19,279 करोड़ रुपये कर दिया है, जो पंजाब के किसी भी राज्य में सबसे ज्यादा है। यह इस इलाके के लिए सबसे बड़ा अलॉटमेंट है। यह पैसा सिर्फ कागजों में नहीं है, बल्कि हर स्कूल तक पहुंच गया है।

यह विचार ग्रामीण विकास एवं पंचायत, श्रम तथा पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने वीरवार को पंजाब शिक्षा क्रांति प्रोग्राम के तहत हल्का खन्ना के रघवीर सिंह फ्रीडम फाइटर पीएम सरकारी हाई स्कूल खन्ना में 13.2 लाख रुपये की लागत से ह्लब्यूटी एंड वेलनेस लैबह्व और सरकारी मिडिल स्कूल खन्ना खुर्द में 9.55 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ब्यूटी एंड वेलनेस लैब के विकास प्रोजेक्टों का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के कुशल नेतृत्व में पंजाब के सरकारी स्कूलों में बहुत अच्छे प्रोजेक्ट आ रहे हैं। इसी कड़ी के तहत सबसे पहले रघवीर सिंह फ्रीडम फाइटर पीएम श्री सरकारी हाई स्कूल खन्ना में पंजाब सरकार की ग्रांट से एक बड़ा हॉल बनाया गया और अब इस हॉल में 1.50 लाख रुपये की लागत से ब्यूटी एंड वेलनेस लैब स्थापित की गई है। 13.2 लाख। उन्होंने बताया कि इस 'ब्यूटी एंड वेलनेस लैब' में 4 बड़ी सैलून चेयर, 2 शैम्पू स्टेशन, 2 फेशियल बेड, 1 हाई ड्रॉ फेशियल मशीन, 1 स्किन टेस्टिंग मशीन, 1 फेस स्टीमर, 1 हेड स्टीमर, 1 गैल्वेनिक मशीन, 1 स्टेरिलाइजर, 1 मैनीक्योर और पेडीक्योर चेयर वगैरह उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, स्टूडेंट्स की सुविधा के लिए इस लैब में एक नया अउ भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 'ब्यूटी एंड वेलनेस लैब' में क्लास 9 और 10 के स्टूडेंट्स को स्किल्ड बनाने के लिए 2 साल का सब्जेक्ट है। जिसमें स्टूडेंट्स को फेशियल, ब्लीच, मेहंदी, मेकअप, हेयर स्टाइल, हेयर कटिंग, हेयर स्पा, हेयर ट्रीटमेंट, हैंड मसाज, मैनीक्योर क्योर (हाथों की देखभाल) और पेडीक्योर क्योर (पैरों की देखभाल) का हुनर देकर अपने पैरों पर खड़े होने के काबिल बनाया जाता है।

## गेंहू की नमी के मानदंडों में ढ़ील देने में नाकाम रहने के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार : सुखबीर बादल




**लुधियाना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सत पाल सोनी।** शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाब के किसानों के लिए गेंहू की नमी के मानदंडों में छूट नही देने के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं, जिसके कारण उनकी गेंहू की फसल की खरीद नही की जा रही है।

अकाली दल अध्यक्ष ने एशिया की बड़ी अनाज मंडी का दौरा करते हुए कहा,ह्लह्ल यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि मुख्यमंत्री तब कुंभकर्णीय नींद से जागे जब हरियाणा और राजस्थान दोनों राज्यों ने तुरंत आवेदन करने के बाद नमी के मानकों में छूट हासिल कर चुके हैं।ह्लह्ल उन्होने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में इस छूट के लिए आवेदन किया , जिसके कारण किसानों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बादल ने कहा कि पंजाब के किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। उन्होने कहा,ह्लह्ल पहले तो बारिश और ओलावृष्टि से उनकी फसलें तबाह हो गई। उन्होने कहा कि अब अधिक नमी के कारण खरीद एजेंसियों द्वारा गेंहू की फसल न खरीदे जाने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने पत्रकारों के सामने एक किसान लाभ सिंह से भी बात की, जिन्होने बताया कि सरकार मंडियों में आने वाली कुल फसल का दो से तीन फीसदी ही खरीदकर खरीद की नौटंकी कर रही है। बादल ने अकाली दल के हलका इंचार्जों से सभी मंडियों का दौरा करने का आग्रह किया ताकि सरकार पर मंडियों में आई गेंहू की फसल की खरीद शुरू करने का दबाव बनाया जा सके। उन्होने मौजूदा सत्र के लिए आवश्यक बोरों की खरीद की व्यवस्था न करने के लिए आम आदमी पार्टी की आलोचना की। एक सवाल का जवाब देते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि परिसीमन जनसंख्या के आधार पर नही हो सकता। उन्होने कहा,ह्लह्ल केंद्र द्वारा निर्धारित जनसंख्या मानदंडों का पालन करके देश की सेवा करने वाले राज्यों को दंडित करने के बजाय, सभी राज्यों में लोकसभा सीटों को समान प्रतिशत के आधार पर बढ़ाना जरूरी है।

## गौरव दहिया ने पार्षदों की ली बैठक



**सोहना, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** बिजली उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर परिषद के पार्षदों की एक बैठक बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया द्वारा ली गई जिसमें बिजली विभाग के एसडीओ दीपक गॉड कनिष्ठ अभियंता सुमित गर्ग मौजूद रहे जबकि नगर परिषद के पार्षद नीरज सिंगला परविंदर यादव एडवोकेट नितिन यादव साहिल प्रतिनिधि करने वाले रूप सैनी टेकचंद अशोक गर्ग कपिल सैनी कुल आठ पार्षद मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया द्वारा की गई उन्होंने उपस्थित पार्षदों को कहा कि गर्मी के मौसम चल रहा है उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से देने के लिए आप अपने बाढ़ में बिजली की जो कमी महसूस हो रही है अपनी अपनी समस्या को बताएं ताकि जल्दी बिजली की होने वाली परेशानी को हल किया जा सके और उपभोक्ताओं को भयंकर गर्मी के मौसम को देखते हुए सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति की जा सके द्वारा अपने वार्ड में जो भी कमियां थी उनको दशार्या जिसमें बिजली के नए खंबे लगाने बिजली लाइनमैन कर्मचारी सरकारी मोबाइल नंबर पर संपर्क ना करना गली मोहल्ले में जहां पर बिजली की डोरी लटकी हुई है उसको टाइट करना जिससे कि किसी भी व्यक्ति को नीचे लटकी हुई तार के कारण करंट लगने से बचाया जा सके।

इसके अलावा जब भी किसी फीडर की लाइट खराब होने पर आम नागरिकों को व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी हासिल कराई जाए जिससे कि उपभोक्ता को पता पड़ सके किस समय तक कि फीडर की लाइट खराब हो गई है और कितना समय लगने के बाद बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से दी जाए पार्षदों द्वारा बिजली विभाग के एसडीओ दीपक गॉड के कार्य शैली की काफी तारीफ की जबकि कनिष्ठ अभियंता सुमित गर्ग और कार्यकारी अभियंता गौरव दहिया का भी सबसे ज्यादा योगदान होता है जब एक अधिकारी की तारीफ होती है तो दूसरे काम करने वाले अधिकारी की तारीफ ना हो मां अपने आप को कितना महसूस होना पड़ता है जबकि बिजली विभाग में कार्य कर रहे कनिष्ठ अभियंता सुमित गर्ग भी बिजली उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने के लिए शिकायत मिलने पर देरी नहीं करते हैं इसके अलावा बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता एक्शन गौरव दहिया की भी एक सोच है कि डिवीजन में सब डिवीजन में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से 24 घंटे देने की खोल पहली प्राथमिकता है।

# पंजाब ने जिला-आधारित एचआईवी प्रतिक्रिया को दिया बल



**जीरकपुर, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** एचआईवी नियंत्रण में अधिक प्रभाव वाले जिलों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत National AIDS Control Organisation (नाको) ने आज चंडीगढ़ में एक उच्चस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला में पंजाब के प्राथमिक जिलों को एक मंच पर लाकर 95-95-99 लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु लक्षित एवं डेटा-आधारित कार्रवाई को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. राकेश गुप्ता, अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं महानिदेशक, नाको ने की। इस अवसर पर पंजाब सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख शासन सचिव कुमार राहुल सहित राज्य एवं जिला स्तर के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे। डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, "पंजाब जैसे राज्यों में, जहाँ इंजेक्शन से नशे का उपयोग एचआईवी संक्रमण को बढ़ावा देता है, इस स्थिति में हमारी प्रतिक्रिया तुरंत एवं तीव्र होनी चाहिए।

डेटा पर आधारित जिला-स्तरीय रणनीतियाँ तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जुड़ाव इस इस स्थिति को बदलने के लिए बहुत जरूरी है" । उन्होंने आगे कहा कि जिलों को अधिक सशक्त बनाना एवं जवाबदेही प्रदान करना राष्ट्रीय लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर ठोस परिणामों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह कार्यशाला राज्यों में National AIDS Control Organisation द्वारा संचालित संरचित पहलों की एक श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विकेन्द्रीकृत और डेटा आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से उच्च भार वाले जिलों में एचआईवी कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना है। पंजाब, जहाँ एचआईवी प्रसार दर 0.42% हे और अनुमानित 1,10,715 लोग एचआईवी के साथ जीवनयापन कर रहे हैं, इस लक्षित रणनीति के अंतर्गत एक प्राथमिकता वाला राज्य बना हुआ है। कार्यक्रम के सुदृढ़ कार्यक्रम कार्यवाही हेतु कुल 21 प्राथमिक जिलों-तरण तारण, अमृतसर, मोगा, पठानकोट, मानसा, फतेहगढ़ साहिब, लुधियाना, होशियारपुर, एस.ए.एस. नगर, जालंधर, कपूरथला, गुरदासपुर, बरनाला, फरीदकोट, संगरूर, पटियाला, शहीद भगत सिंह नगर, फिरोजपुर, बठिंडा, रूपनगर एवं मुक्तसर साहिब-की पहचान की गई है।

कार्यशाला में जिला टीमों ने अपनी प्रगति प्रस्तुत की, कार्यक्रम संचालन से जुड़ी चुनौतियों को प्रस्तुत किया तथा एचआईवी की रोकथाम, जाँच एवं उपचार सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु रणनीतियाँ विकसित कीं।

## परिसीमन को लेकर फैलाया जा रहा है भ्रम : अमित शाह

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** लोकसभा में महिला आरक्षण को लेकर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के भाषण के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कुछ चीजें ऐसी यहां कही गई हैं, जिन्हें स्पष्ट करना जरूरी है, ताकि जनता के मन में आज रात तक कोई भ्रम न रह जाए। एक नैरेटिव खड़ा किया जा रहा है कि यह जो तीन विधेयक हैं, वो आने से दक्षिण की



क्षमता लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी। हमारे दक्षिण के राज्यों को बहुत बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि सदन में 543 सांसद हैं। कर्नाटक के करीब 15 फीसदी सांसद यहां आते हैं। संविधान संशोधन के बाद कर्नाटक के सांसदों की संख्या 28 से होकर 42 हो जाएगी। आंध्र प्रदेश की अभी 25 सीटें हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.60% है। उसकी सीटें हो जाएंगी 38 और हिस्सेदारी 4.65 फीसदी हो जाएगी। तेलंगाना के सांसदों की मौजूदगी 3.13 फीसदी है, उनकी हिस्सेदारी 3.18 फीसदी है। मैं कह रहा हूं कि आपकी शक्ति कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ जाएगी। अभी तमिलनाडु की हिस्सेदारी है 7.18 फीसदी है, वह बढ़कर हो जाएगी 7.23 फीसदी। केरल की हिस्सेदारी 3.68 की जगह 3.67 फीसदी हो जाएगी। ये जो दक्षिण का नैरेटिव है, 543 में से 129 सांसद दक्षिण के सांसद सदन में बैठते हैं। 23. 76 फीसदी उनकी हिस्सेदारी है। आगे 150 सांसद बैठेंगे और 23.97 फीसदी सांसद यहां बैठेंगे। बिल को पायलट करने वाले मंत्री के रूप में मैं सदन से अगर यह कह रहा हूं तो मैं पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं। मैं अमित शाह भारत का गृह मंत्री यह कह रहा हूं। कल जब मैं विस्तार से जवाब दूंगा तो और बताऊंगा, बशर्ते वे वॉकआउट न कर जाएं। केजी के बच्चों को जैसे समझाते हैं, वैसे समझा दूंगा।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | Sr. DSTE-I के तहत सेक्शन में रिलायबिलिटी बढ़ाने और प्राइप आइटम्स पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इम्प्रूवमेंट कार्य। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु.5,64,22,152.38 /– | धरोहतर राशि | रु.11,28,500.00 /– |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 15.04.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 08.05.2026 15:00 बजे तक | | |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | | |

निविदा संख्या : **558-Sig-16-M-TENDER-1470**, दिनाँक : **15.04.2026**

1257/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कंगना रनौत ने आठ घंटे की शिफ्ट को लेकर दीपिका पादुकोण का किया समर्थन



**मुंबई, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने दीपिका पादुकोण का आठ घंटे काम करने की बात को लेकर पूरा समर्थन किया है। दीपिका ने कहा था कि वह अब दिन में सिर्फ 8 घंटे ही काम करना चाहती हैं। दीपिका ने काम के तय घंटों की कमी के कारण कई बड़े बजट की फिल्मों से किनारा किया है।

कंगना ने अठक को दिए इंटरव्यू में कहा, 'दीपिका ने यह हक कमाया है। वह आज इंडस्ट्री की सबसे बड़ी एक्ट्रेस हैं, एक बेटी की मां हैं। अगर आज वह आठ घंटे काम करना चाहती हैं, तो इसमें कोई गलत बात नहीं है।' कंगना ने आगे कहा, 'जब कोई नया होता है तो उसे डर लगता है कि कहीं उसकी जगह कोई और न ले ले। लेकिन दीपिका अब उस मुकाम पर पहुंच चुकी हैं, जहां लोग उन्हें ही चाहते हैं। अगर वह सिर्फ 8 घंटे के लिए आती हैं, तो भी फिल्म वाले उनके हिसाब से काम कर लेंगे।' कंगना ने पुरानी बात को याद करते हुए बताया कि शुरू के दिनों में वह और दीपिका दोनों 12-14 घंटे तक बिना रुके काम करती थीं। उस समय सफल होने की बहुत तेज इच्छा थी। लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

दीपिका अब मां भी हैं और परिवार की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है। कंगना रनौत ने महिलाओं पर बढ़ते दबाव की भी बात की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बच्चों की देखभाल के साथ-साथ काम की भारी जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है। इससे शादियां टूट रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर इतना ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहिए।

कथित तौर पर पिछले साल दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ दी थी क्योंकि वह 8 घंटे से ज्यादा काम नहीं करना चाहती थीं। इसके बाद 'कल्कि 2' फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था। अब उनकी अगली फिल्म 'राका' है, जिसमें वह अल्लू अर्जुन के साथ मुख्य भूमिका में हैं। वहीं कंगना रनौत को आखिरी बार फिल्म 'इमरजेंसी' में इंदिरा गांधी के रोल में देखा गया था।

## मद्रास हाईकोर्ट ने तमन्ना भाटिया की अपील को किया खारिज

**मुंबई, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपने फिल्मी करियर के अलावा एक केस को लेकर भी चर्चा में हैं। तमन्ना भाटिया ने पावर सोप्स लिमिटेड पर आरोप लगा था एग्रीमेंट खत्म होने के बाद भी कंपनी ने अपने उत्पादों को बेचने के लिए उनकी तस्वीरों का बिना अनुमति के इस्तेमाल किया था। इस मामले में उन्होंने कंपनी को नोटिस भेजा। तमन्ना ने कंपनी से 1 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग भी की थी। जानिए, इस मामले में अब तक क्या-क्या हुआ है? पावर सोप्स लिमिटेड के खिलाफ तमन्ना भाटिया ने एक याचिका हाईकोर्ट में दायर की थी, लेकिन सिंगल जज ने याचिका खारिज कर दी गई थी। फिर एक्ट्रेस ने मद्रास हाईकोर्ट में अपील की, जिसमें सिंगल जज की खारिज की गई याचिका को चुनौती दी गई। तमन्ना की अपील पर मद्रास हाईकोर्ट ने सुनवाई से इनकार किया। तमन्ना भाटिया के मुताबिक उन्होंने 7 अक्टूबर 2008 को पावर सोप्स लिमिटेड के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया था। इसके तहत उन्हें 6 अक्टूबर 2009 तक कंपनी के प्रोडक्ट का प्रचार करना था।

# सान्या मल्होत्रा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए दस साल



**मुंबई, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** सान्या मल्होत्रा ने 16 अप्रैल 2026 को बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने शानदार 10 साल पूरे किए हैं। उन्होंने 2016 में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दंगल' से अपने करियर की शुरूआत की थी। राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा कॉमेडी फिल्म 'टोस्टर' में नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही सान्या ने यह भी बताया कि 'टोस्टर' मूवी का रोल उन्हें कैसे मिला। पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा, अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा का कहना है कि हिंदी फिल्मों में उनका 10 साल का सफर बहुत अद्भुत और संतोषजनक रहा है। उन्हें मिले मौकों के लिए वह बहुत खुश और आभारी हैं। फिलहाल, सान्या अभिनेता राजकुमार राव के साथ नेटफ्लिक्स की नई कॉमेडी फिल्म 'टोस्टर' में नजर आ रही हैं। यह फिल्म राजकुमार और पत्रलेखा की कंपा फिल्म्स की पहली फिल्म है।

सान्या ने बताया कि उन्होंने और राजकुमार राव ने पहले 'हिटः द फर्स्ट केस' और 'लूडो' में साथ काम किया था, लेकिन 'टोस्टर' में पहली बार उन्होंने साथ में इतना समय बिताया है। राज ने उन्हें फोन करके फिल्म के बारे में बताया तो सान्या ने स्क्रिप्ट पढ़े बिना ही हां कर दी। उन्होंने कहा, 'अगर राज इसमें हैं, तो फिल्म अच्छी ही होगी।'

राजकुमार राव ने कहा कि सान्या ने इस फिल्म में कॉमेडी में अपना सबसे अच्छा अभिनय किया है। वह स्क्रीन पर बहुत मजेदार लगती हैं। पत्रलेखा ने भी कहा कि सान्या सेट पर बहुत मस्ती करती थीं। सान्या की उम्मीद है कि उनकी आने वाली फिल्मों को भी दर्शकों का इतना ही प्यार मिलेगा।

फिल्म 'टोस्टर' की कहानी एक कंजूस आदमी की है, जिसकी शादी खत्म हो जाती है। इसके बाद वह शादी के तोहफे में मिले टोस्टर को वापस लेने की कोशिश करता है। सान्या मल्होत्रा इस आदमी की पत्नी का रोल निभा रही हैं। यह फिल्म भारतीय परिवार की साधारण लेकिन प्यारी कहानी है, जो हल्के-फुल्के अंदाज में बताई गई है। फिल्म बुधवार 15 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रही है।

## चिराग पासवान के साथ रिलेशनशिप की अफवाहों पर कंगना रनौत ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** दरअसल, एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनौत और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को कई बार पब्लिक इवेंट्स में साथ देखा गया है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके रिलेशनशिप को लेकर चचाएं हो रहीं थीं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इन सब चचाओं का कंगना ने साफ-साफ जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कोई रोमांस नहीं है, बल्कि सिर्फ दोस्ती का रिश्ता है।

एएनआई को दिए इंटरव्यू में कंगना ने वायरल तस्वीरों और चचाओं पर बात करते हुए कहा, नहीं, नहीं चिराग मेरे दोस्त हैं। जब मैं उन्हें देखती हूं, तो एक दोस्त ही नजर आता है। हमारे बीच कोई रोमांस नहीं है, मैं ईमानदारी से कह रही हूं। हम एक-दूसरे को करीब 10 साल से जानते हैं। उन्होंने मेरे साथ एक फिल्म की थी। अगर तब कुछ होता अगर रोमांस होता, तो आज हमारे बच्चे होते। उन्होंने आगे कहा, अगर मुझे रोमांस करना होता, तो हो जाता। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। हमारे बीच बस एक दोस्ताना रिश्ता है। वो भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े रहे हैं, इसलिए उनके साथ मुझे अच्छा और कंफर्टेबल महसूस होता है। दोनों का कनेक्शन 2011 की फिल्म मिले ना मिले हम से है, जिसे तनवीर खान ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म से चिराग पासवान ने एक्टिंग डेब्यू किया था, जबकि कंगना इसमें लीड रोल में नजर आई थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कंगना रनौत आखिरी बार फिल्म इमरजेंसी में नजर आई थीं, जिसे उन्होंने खुद डायरेक्ट भी किया था। इस फिल्म में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था।

# रश्मिका मंदाना ने शेयर किया 'कॉकटेल 2' का बीटीएस वीडियो



**मुंबई, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन एक साथ फिल्म 'कॉकटेल 2' में काम कर रहे हैं। यह फिल्म होमी अदजानिया निर्देशित कर रहे हैं। रश्मिका ने आज 16 अप्रैल को फिल्म के सेट से एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया। जिसमें तीनों जमकर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

रश्मिका ने इटली के सिसिली में 'जब तलक' गाने की शूटिंग का मजेदार वीडियो आज इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस बीटीएस वीडियो में शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनके मस्ती भरे पल दिखाए गए हैं।

रश्मिका फिल्म 'कॉकटेल 2' में दीया का रोल निभा रही हैं। उन्होंने वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'दीया की डायरी का एक पन्ना। हमने सिसिली में 'जब तलक' गाने की शूटिंग की। बीच-बीच में नाचना, हंसना, मस्ती करना और फिर भी पूरे स्टाइल से गाना निभाना। दीया अपनी जिंदगी का पूरा मजा ले रही थी। फिल्म देखने पर आपको पता चल जाएगा कि क्यों।' रश्मिका ने शाहिद और कृति के किरदारों को 'डांस और क्राइम में पार्टनर' बताया। रश्मिका ने आगे लिखा, 'एली और कुन्जी सचमुच पागल हैं। दीया उनके साथ एक भी पल गंभीर नहीं रह पाई। आप दोनों मेरा पागलपन हो और मैं आप दोनों से बहुत प्यार करती हूं।'

रश्मिका के अलावा शाहिद ने भी 'कॉकटेल 2' से 'जब तलक' गाने का एक वीडियो शेयर किया है। फैंस रश्मिका के इस वीडियो को बहुत पसंद कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'मेरी रश्मिका शूटिंग का पूरा मजा ले रही है।' दूसरे फैन ने लिखा, 'रश्मिका हमेशा प्यारी और खूबसूरत लगती हैं।' फिल्म 19 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड फिल्म से मिलती है 'टॉक्सिक' : यश

**मुंबई, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** कन्नड़ अभिनेता यश इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। 'टॉक्सिक' और 'रामायण' दोनों ही उनकी इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से हैं। हाल ही में यश ने अपनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' की तुलना एक हॉलीवुड फिल्म से की है।

'केजीएफ 2' की रिलीज के चार साल बाद कन्नड़ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' से बड़ी स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म 4 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यश ने हाल ही में अपने प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा के यूट्यूब चैनल 'द मूवी रिपोर्ट' पर बात की। उन्होंने कहा, 'टॉक्सिक एक बहुत अनोखी फिल्म है। इसका मकसद भी 'रामायण' जैसा ही है- अपनी कहानी और प्रतिभा को दुनिया के सामने लाना। इसलिए हमने इसे अंग्रेजी में भी शूट किया है।' यश ने आगे बताया कि ऊपर से देखने पर 'टॉक्सिक' एक गैंगस्टर फिल्म लगती है, लेकिन असल में यह बहुत गहरी और जटिल कहानी है। इसमें एक व्यक्ति के अंदरूनी संघर्ष और उसके अंधेरे पक्ष को खास अंदाज में दिखाया गया है। ज्यादातर बातें रूपकों के जरिए बताई गई हैं।

'टॉक्सिक' एक मूल ऑरिजनल यानी आईपी फिल्म है, जो आजकल बहुत कम मिलती है। यश ने इसे 'सिनर्स' जैसी हॉलीवुड फिल्म से जोड़ा है, जो 2025 में रिलीज हुई। 'सिनर्स' ऑस्कर में 16 नामांकन पाकर इतिहास रच चुकी है। फिल्म 'टॉक्सिक' एक एक्शन ड्रामा पैन इंडिया फिल्म है। इसमें कई बड़ी अभिनेत्रियां एक साथ हैं- नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरेशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया।

## क्रिकेट

# 'टीम इंडिया में जल्द दिखेगा जलवा', 15 साल के वैभव की फैन हुई शेफाली बग्गा



**नई दिल्ली, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मशहूर एंकर शेफाली बग्गा ने उनके प्रदर्शन की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह जल्द ही भारत की टी20 टीम में जगह बना सकते हैं।

आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव ने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है और अब उन्हें टीम इंडिया के संभावित खिलाड़ियों में देखा जा रहा है।

शेफाली बग्गा ने वैभव की बल्लेबाजी शैली की तारीफ करते हुए कहा, 'वह बहुत क्लास के साथ खेलते हैं और गेंदबाजों पर हावी रहते हैं। हमने पिछले साल देखा कि उन्होंने शतक बनाकर सभी को प्रभावित किया।' उन्होंने यह भी बताया कि इतनी कम उम्र में जिस तरह वैभव बड़े गेंदबाजों का सामना कर रहे हैं, वह उनकी खासियत को दशार्ता है।

वैभव सूर्यवंशी ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अंडर-19 स्तर पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। यहां तक कि उन्होंने जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज के खिलाफ भी बेखौफ बल्लेबाजी की, जो उनके आत्मविश्वास को दिखाता है।

शेफाली बग्गा ने आईपीएल को युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच बताते हुए कहा कि यह टूनार्मेंट लगातार नए सितारों को मौका दे रहा है। उन्होंने आयुष म्हात्रे, प्रफुल्ल हिंगे और प्रियांश आर्या जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट से निकलकर बड़ा मंच हासिल किया। शेफाली बग्गा ने वैभव के भविष्य को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा, 'वैभव सूरयवंशी जैसे कई खिलाड़ी हैं, लेकिन उसे खास बनाता है उसका माइंडसेट।

मुझे लगता है कि इतनी कम उम्र में ही वह भारतीय टी20 टीम में जरूर नजर आएगा।' उन्होंने यह भी कहा कि सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल होना उनकी यात्रा को और खास बनाता है। बिहार से आने वाले वैभव ने बहुत कम उम्र में रणजी डेब्यू किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ 58 गेंदों में शतक जड़ा और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए सबसे युवा खिलाड़ी और सबसे युवा शतकवीर बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

साथ ही, अंडर-19 वर्ल्ड कप में उन्होंने फाइनल में 175 रन की शानदार पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द टूनामेंट का खिताब जीता।

## लियोनल मेसी कानूनी विवाद में फंसे, दिग्गज फुटबॉलर ने पूरी नहीं की शर्त



**ब्यूनस आयर्स, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी कानूनी विवाद में फंस गए हैं। मियामी की इवेंट कंपनी वीआईडी म्यूजिक ग्रुप ने मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मामला पिछले साल अक्तूबर में मियामी के हॉर्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अर्जेंटीना बनाम वेनेजुएला दोस्ताना मैच से जुड़ा है। कंपनी का आरोप है कि मेसी ने इस मैच में खेलने के लिए किए गए लगभग सात मिलियन डॉलर के अनुबंध का उल्लंघन किया। समझौते के तहत उन्हें कम से कम 30 मिनट मैदान पर उतरना था, जब तक कि वे चोटिल न हों। हालांकि, मेसी ने मैच में हिस्सा नहीं लिया और स्टेडियम के एक लग्जरी सुइट से मुकाबला देखा। कंपनी का दावा है कि उनकी अनुपस्थिति से टिकट बिक्री, स्पॉन्सरशिप और ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू पर बड़ा असर पड़ा जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। वीआईडी म्यूजिक ग्रुप के वकील राल्फ पैटिनो के अनुसार, मेसी की भागीदारी इस डील की एक अहम शर्त थी और यह सीधे तौर पर मैच की व्यावसायिक सफलता से जुड़ी हुई थी। कंपनी ने अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के साथ वेनेजुएला और प्यूर्टो रिको के खिलाफ दो मैत्री मैचों के प्रमोशन का करार किया था। दिलचस्प बात यह है कि वेनेजुएला के खिलाफ मैच में नहीं खेलने के बावजूद मेसी अगले ही दिन मेजर लीग सॉकर में अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ के लिए उतरे और अटलांटा के खिलाफ 4-0 की जीत में दो गोल दागे और प्यूर्टो रिको के खिलाफ खेले गए दूसरे दोस्ताना मैच में हिस्सा लिया। प्यूर्टो रिको मैच को पहले शिकागो में आयोजित किया जाना था, लेकिन टिकटों की कम बिक्री के चलते इसे मियामी शिफ्ट करना पड़ा। बाद में टिकट की कीमत घटाकर 25 डॉलर तक करनी पड़ी। एएफए ने इसके लिए इमिग्रेशन से जुड़ी समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया। अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को पिछली बार विश्व चैंपियन बनाने वाले मेसी फीफा विश्व कप 2026 के लिए तैयार हैं। उनकी उम्र को देखते हुए उनका यह आखिरी विश्व कप हो सकता है।

## संकुल स्तरीय कबड्डी व टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**पलवल, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/भूषण कुमार।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर के परिसर में गुरुवार को संकुल स्तरीय कबड्डी एवं टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) दयानंद रावत ने शिरकत की और खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमवीर सिंह ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि दयानंद रावत ने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया और विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रधानाचार्य ओमवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और इससे अनुशासन, आत्मविश्वास व टीम भावना का विकास होता है। यह प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग के 11 विद्यालयों के 94 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अंडर-19 टीमों के बीच एक रोमांचक उद्घाटन मैच भी खेला गया, जिसमें खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उप प्राचार्या अनुराधा दुबे ने मुख्य अतिथि, प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## वैशाली इतिहास रचने वाली पहली भारतीय महिला

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** भारतीय शतरंज जगत में एक नया अध्याय लिखते हुए आर वैशाली ने अपनी शांत दृढ़ता, आत्मविश्वास और पारिवारिक समर्थन के दम पर फिडे महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट 2026 का खिताब जीत लिया है। यह उपलब्धि उन्हें इतिहास में पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनाती है जिसने यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट जीता। वैशाली की सफलता की कहानी सिर्फ उनके खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और पारिवारिक माहौल में भी गहराई से जुड़ी हुई है। अपने शांत स्वभाव और मजबूत मानसिकता के लिए जानी जाने वाली वैशाली अक्सर अपनी मां के साथ नजर आती हैं। उनकी मां की खामोश मौजूदगी उन्हें हर कठिन परिस्थिति में स्थिर और केंद्रित बनाए रखती है। साइप्रस के पाफोस में खेले गए इस टूनार्मेंट में वैशाली आठ खिलाड़ियों में सबसे कम रेटिंग वाली प्रतिभागी थीं, लेकिन उन्होंने अपने संयम और आत्मविश्वास से सभी को चौंका दिया।

# कोहली से टक्कर लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने लिया संन्यास



**ढाका, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने फेसबुक पर एक भावुक संदेश में अपने इस फैसले की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय टीम के साथ अपने सफर को याद किया। रुबेल की विराट कोहली से प्रतिद्वंद्विता 2020 के दशक में काफी चर्चा में रही थी। इस दौरान दोनों कई बार मैदान पर भिड़े भी थे। हालांकि, 2018 में निदाहास ट्रॉफी के फाइनल में दिनेश कार्तिक ने रुबेल की खूब पिटाई की थी और बदला लिया था। उसके कुछ साल बाद ही रुबेल टीम से बाहर हो गए थे।

रुबेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक' पर लिखा, 'राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना मेरे लिए हमेशा बहुत मायने रखता रहा है, लेकिन एक समय ऐसा आता है जब किसी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग होना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है।' भले ही रुबेल हुसैन वैश्विक मंच को छोड़ रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस खेल से जुड़े रहेंगे। रुबेल घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे, उन्होंने अपने पूरे सफर के दौरान साथ देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा, 'मेरा इरादा घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखने का है। मैं अपने परिवार, दोस्तों, मीडिया कर्मियों और फैंस का धन्यवाद करना चाहूंगा। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिनों में भी आप मेरा साथ देते रहेंगे।' इस तेज गेंदबाज ने अपने परिवार, दोस्तों, मीडिया पेशेवरों और प्रशंसकों का धन्यवाद किया, और साथ ही यह उम्मीद भी जताई कि उनके करियर के अगले चरण में भी उन्हें उनका समर्थन मिलता रहेगा। रुबेल का अंतरराष्ट्रीय करियर एक दशक से भी ज्यादा समय तक चला। इस दौरान वह बांग्लादेश के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक बन गए। सभी फॉर्मेट में रुबेल ने एक मजबूत रिकॉर्ड अपने पीछे छोड़ा है। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 27 टेस्ट मुकाबलों में 36 विकेट हासिल किए, जबकि 104 वनडे मुकाबलों में 129 विकेट निकाले। उनके नाम 28 टी20 मुकाबलों में 28 विकेट दर्ज हैं। उनका योगदान, विशेष रूप से छोटे प्रारूपों में, बांग्लादेश को एक प्रतिस्पर्धी सीमित ओवरों की टीम के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण रहा।

17 april satyajay times:29-dummy-1 4/16/2026 10:44 PM Page 8



Postal Registration no L-2/HR/FBD/290/24-26

सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर, 250 मरीजों ने कराई जांच

**बल्लभगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** बल्लभगढ़ में गुरुवार को चावला कॉलोनी स्थित अग्रसेन भवन में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर का



सफल आयोजन किया गया। इस जनसेवा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी आंखों की जांच करवाई। श्री वैश्य अग्रवाल समाज के सहयोग से आयोजित इस शिविर का संचालन तारा नेत्रालय फरीदाबाद द्वारा किया गया, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी बल्लभगढ़ प्रेस क्लब ने निभाई। शिविर में करीब 250 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से लगभग 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर आयोजकों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य समाज की बुनियादी जरूरत हैं और इस दिशा में किए जा रहे ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने बल्लभगढ़ प्रेस क्लब की पहल को भी सराहा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व संसदीय सचिव कुमारी शारदा राठौर, पार्षद दीपक यादव, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, युवा कांग्रेसी नेता गिरीश भारद्वाज, सीएम विंडो अध्यक्ष राहुल गोयल, गोविंद गोयल, व्यापारी नेता प्रेम खट्टर, बिट्टू पंजाबी, शाहिद सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की गहन जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के जनसेवा कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

## सड़क पर दौड़ा गायों का झुंड, बड़ी दुर्घटना का खतरा

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/वनिता।** सेक्टर 29 की व्यस्ततम मुख्य सड़क पर वीरवार की सुबह अफरा-तफरी मच गई, जब करीब 50 गायों का झुंड बेखौफ होकर सड़क के बीचों-बीच दौड़ता नजर आया। इस खतरनाक स्थिति ने वहां से गुजर रहे लोगों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया।

जागरूक नागरिक वसु मित्र सत्यार्थी ने इस लापरवाही को उजागर करते हुए बताया कि वह स्वयं इस दौरान हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचे। उनके अनुसार, जब वह सेक्टर 29 मेन रोड से अमृता हॉस्पिटल की ओर जा रहे थे, तभी एक व्यक्ति इन गायों को हांकते हुए ले जा रहा था। करीब तीन से चार किलोमीटर तक गायों का यह झुंड कभी सड़क के दाएं तो कभी बाएं भागता रहा, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। कई वाहन चालक लंबे समय तक जाम में फंसे रहे और दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने स्थिति को देखते हुए भी कोई कार्रवाई नहीं की। न तो गायों को रोकने का प्रयास किया गया और न ही उन्हें हांकने वाले व्यक्ति को रोका गया। वसु मित्र सत्यार्थी ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य सड़कों पर इस तरह पशुओं को खुला छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन, कर्मचारियों ने कराई जांच

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** फरीदाबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय में वीरवार को सेक्टर 21C स्थित एक



नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की आंखों की जांच की गई।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह शिविर सेक्टर-16 स्थित सेंटर फॉर साइट क्लिनिक की विशेषज्ञ टीम द्वारा आयोजित किया गया। 6 सदस्यों की टीम आधुनिक नेत्र जांच उपकरणों से सुसज्जित बस के साथ मौके पर पहुंची और पुलिस कर्मचारियों की आंखों की गहन जांच की। जांच के दौरान अधिकांश कर्मचारियों की आंखें स्वस्थ पाई गईं, जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आए। इस अवसर पर हिमाद्री कौशिक ने भी शिविर का लाभ उठाते हुए अपनी आंखों की जांच कराई। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी लगातार कठिन ड्यूटी करते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है।

# श्याम सिंह राणा ने बल्लभगढ़ अनाज मंडी का किया निरीक्षण, किसानों की सुविधाओं पर दिया जोर

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम, देश के विकास में मील का पत्थर : श्याम सिंह राणा

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/रुपेश बंसल।** प्रदेश सरकार किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और फसल सीजन शुरू होने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने बल्लभगढ़ अनाज मंडी का निरीक्षण किया।



बल्लभगढ मंडी में फसलों का निरीक्षण करते कृषि मंत्री साथ हैं मार्केट कमेटी के चेयरमैन संजीब बैंसला, एसडीएम मयंक भारद्वाज व अन्य व्यापारी। **छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।**

मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सभी मंत्री और विधायक फील्ड में रहकर मंडियों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि बारदाना, उठान, परिवहन और साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि कई मंडियों का दौरा किया जा चुका है, जहां अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं, हालांकि कुछ स्थानों पर उठान और परिवहन में देरी जैसी समस्याएं सामने आई हैं, जिन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन किसानों की फसल अभी मंडियों तक नहीं पहुंची है, उनके लिए भी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और पोर्टल या सर्वे से जुड़ी किसी भी तकनीकी समस्या का मौके पर ही समाधान किया जाए। मंत्री ने कहा कि यदि किसी किसान का नाम पोर्टल पर नहीं आता है, तो स्थानीय स्तर पर रिकॉर्ड दर्ज कर प्रक्रिया पूरी की जा रही है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मंत्री ने यह भी बताया कि नमी (लस्चर लॉस) से संबंधित समस्याओं पर केंद्र सरकार द्वारा दी गई छूट से किसानों को राहत मिली है। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सराहना करते हुए इसे देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया और कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले प्रत्येक किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी फसल का समयबद्ध एवं उचित प्रबंधन किया जाए। इस अवसर पर बल्लभगढ़ एसडीएम मयंक भारद्वाज, डीएफएससी कविता परिहार, मार्केट कमेटी के अधिकारी, खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि, आढ़ती, ट्रांसपोर्टर और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हेल्थ सप्लिमेंट चोरी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** फरीदाबाद अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने हेल्थ सप्लिमेंट चोरी के मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जुनेद निवासी नौसेरा, जिला नूंह के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, इस मामले की शिकायत विजेंद्र निवासी गांव छपार, जिला झज्जर द्वारा थाना सराय ख्वाजा में दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह भौडाकलां क्षेत्र में हेल्थ सप्लिमेंट का कारोबार करता है। 13 अक्टूबर 2025 को उसने एक गाड़ी किराये पर लेकर 254 बॉक्स में हेल्थ सप्लिमेंट का सामान फरीदाबाद स्थित अपोलो हेल्थ कंपनी में भेजा था। अगले दिन जब सामान उतारकर गिनती की गई तो कुछ बॉक्स में से सप्लिमेंट के डिब्बे गायब पाए गए, जिसके बाद मामले की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी बिलाल सप्लिमेंट से भरी गाड़ी को लेकर अपने परिचित जुनेद के पास पहुंचा था।

## ट्रेडिंग के नाम पर 4 करोड़ की ठगी, दो बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 4 करोड़ रुपये की ठगी की गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए बैंक के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम और कमल कांत के रूप में हुई है। दोनों आरोपित बैंक में कार्यरत थे और ठगी में उनकी भूमिका सामने आई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सेक्टर-15 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 अक्टूबर 2025 को उसकी डैन रोबिन नामक व्यक्ति से फोन पर बातचीत हुई, जिसने उसे आरएफएक्स मार्केट नामक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश करने का लालच दिया। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता के नाम पर चार अलग-अलग ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाए और विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से उससे कुल 4 करोड़ रुपये निवेश करवा लिए। हालांकि, निवेश के बाद शिकायतकर्ता को कोई भी राशि वापस नहीं मिली, जिससे उसे ठगी का एहसास हुआ। जांच के दौरान सामने आया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी पानीपत में एक्सिस बैंक में कार्यरत थे। उन्होंने मोनू और सागर नाम के व्यक्तियों के बैंक खाते खुलवाए, जिनमें ठगी की रकम में से 10-10 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। अब पुलिस इस पूरे गिरोह और अन्य शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## नीमका जेल में वृद्ध कैदियों को दी गई अधिकारों और योजनाओं की जानकारी

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा न्याय और सम्मान परियोजना के अंतर्गत जिला जेल नीमका में वृद्ध कैदियों के लिए विधिक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।



जेल में बुर्जुग कैदियों को उनके अधिकारों की जानकारी देते रीतू यादव। **छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।**

कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्ध कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान कैदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता, जमानत, पैरोल और फरलो से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई, साथ ही बताया गया कि वे किस प्रकार विधिक सेवा प्राधिकरण से मदद प्राप्त कर सकते हैं। सीजेएम रीतू यादव ने कैदियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी।

इनमें बढ़ईगीरी, कुर्सी बुनाई, ऑटोमोबाइल, ब्यूटीशियन, प्रिंटिंग और मोटर वाइंडिंग जैसे कोर्स शामिल हैं। साथ ही कैदियों के स्वास्थ्य की स्थिति की भी जानकारी ली गई और सुनिश्चित किया गया कि बीमार कैदियों को समय पर उपचार मिल रहा है।

इसके अतिरिक्त अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य वृद्ध कैदियों को न्याय तक पहुंच दिलाने के साथ-साथ उनके पुनर्वास, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम को कैदियों ने उत्साहपूर्वक सराहा और साझा की गई जानकारी में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर जेल सुपरिंटेंडेंट नरेश कुमार गोयल, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुमित पवार और डिफेंस काउंसिल रविंद्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भूपानी में 3 अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

### 9 एकड़ में हो रही प्लॉटिंग ध्वस्त

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाइम्स/सुनील अग्रवाल।** फरीदाबाद में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ डीटीपी एनफोर्समेंट विभाग का अभियान एक बार फिर तेज हो गया है। वीरवार को भूपानी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए विभाग ने तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, ये कॉलोनियां करीब 9 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थीं, जहां अवैध प्लॉटिंग के साथ निर्माण कार्य भी जारी था। डीटीपी एनफोर्समेंट की टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से मौके पर पहुंचकर सभी अवैध निमार्णों को तुरंत तोड़ दिया।



भूपानी गांव में अवैध रुप से बनाई जा रही कालोनी में तोडफोड करती जे.सी.बी मशीन। **छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।**

कार्रवाई के दौरान करीब 2 दर्जन से अधिक डीपीसी स्तर तक बने निमार्णों को उखाड़ा गया, साथ ही लगभग 25 चारदीवारियां और दो निमार्णाधीन भवनों को भी ध्वस्त किया गया।

डीटीपी एनफोर्समेंट के अधिकारी याजन चौधरी ने बताया कि भूपानी में एक कॉलोनी करीब 5 एकड़, दूसरी 3 एकड़ और तीसरी लगभग 1 एकड़ में विकसित की जा रही थी। इन सभी में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी और लोगों ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया था।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के निदेर्शानुसार अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, जो अवैध निर्माण या प्लॉटिंग में शामिल हैं। याजन चौधरी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे भू-माफियाओं से सतर्क रहें और अनधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें, क्योंकि ऐसे निवेश का भविष्य असुरक्षित होता है। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शहर के विकास को कानूनी दायरे में रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## नकली हार्पिक बनाने वाली वर्कशॉप का भंडाफोड़, 816 बोतल बरामद

**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** फरीदाबाद एवीटीएस-2 टीम ने थाना डबुआ क्षेत्र के गांव नवादा में छापेमारी कर नकली हार्पिक बनाने वाली वर्कशॉप का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 15 अप्रैल को शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर सुरजीत सिंह निवासी गांव गोती, जिला मैनपुरी (उत्तर प्रदेश), हाल त्यागी मार्केट, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद को गिरफ्तार किया।

वर्कशॉप से 500 एमएल की 816 भरी बोतलें, 250 खाली बोतलें, 316 लेबल/स्टीकर, 40 लीटर कच्चे माल से भरा केन, नकली उत्पाद बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीन, गत्ता पेटियां सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी पिछले करीब 4 महीनों से विपिन नामक व्यक्ति की वर्कशॉप में नौकरी कर रहा था, जहां कच्चे माल से नकली उत्पाद तैयार कर उन्हें थोक में बेचा जाता था।

## आवश्यक जानकारी

### सत्यजय टाईम्स में छपवाए अपने कोर्ट नोटिस

फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित **हिन्दी दैनिक सत्यजय टाईम्स डीएवीपी, रेलवे तथा हरियाणा सरकार** के साथ-साथ **पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़** की विज्ञापन सूची में शामिल **हिन्दी दैनिक** है जिसमें आप अपने न्यायालयों से संबंधित नोटिस भी प्रकाशित करा सकते है।

सत्यजय टाईम्स Satyajay Times

संपर्क करें :-
**विज्ञापन प्रबंधक, मो.**9643311765
9811232533, 0129-4042533
Email : satyajaytimes@gmail.com.

**पलवल में सत्यजय टाईम्स** पत्र प्राप्त करने व विज्ञापन हेतु संपर्क करे:- कमेटी चौक, वार्ड नंबर-19, अरियन हॉस्पीटल के पीछे, मकान नंबर-237, **लक्ष्मण शर्मा**- 8295307492, **कपिल शर्मा**-98965 82968

**होड़ल में सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र** प्राप्त करने के लिए संपर्क करें- अग्रवाल न्यूज एजेंसी
सम्पर्क सूत्र - **अमित अग्रवाल** 9254588483


**नूहं जिले में दैनिक सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र प्राप्त करने एवं दैनिक सत्यजय टाईम्स में कोर्ट नोटिस, खोया पाया, बेदखली व अन्य प्रकार के विज्ञापन छपवाने के लिए संपर्क करें, जुबैर खान, नूंह बिजली बोर्ड के सामने, ऑफिस नूंह 9813631877, 8059131877 नूंह मेवात**

**सोहना में सत्यजय टाईम्स समाचार पत्र में** समाचारों के लिए संपर्क करें- **अशोक गर्ग -9354135063**

**दिल्ली ब्यूरो कार्यालय मकान नम्बर 304 गली नम्बर 5 मूगा नगर, करावल नगर रोड़ दिल्ली 94**

**यदि आप भी अपने किसी प्रियजन स्वजन को किसी भी प्रकार का कोई संदेश फोटो के साथ देना चाहते हैं, तो सत्यजय टाइम्स हिंदी दैनिक इसमें आपका सहयोग करने को तैयार है, आप अपना संदेश अपने नाम व फोटो सहित हमें 7838364763 नंबर पर व्हाट्सएप करें। हम उसको सत्यजय टाइम्स हिंदी दैनिक में प्रकाशित करेंगे।**


## एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 10वीं में शानदार प्रदर्शन, ईशाना सिंह बनी टॉपर



**फरीदाबाद, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** एस.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए सी.बी.एस.ई. की दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। 15 अप्रैल को घोषित हुए इस परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया।

इस वर्ष विद्यालय की छात्रा ईशाना सिंह ने 96.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और अपनी मेहनत व प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं त्रिशा गोयल और अर्घ्य आर्या ने 95.2% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अमन कंसल, कीर्तिका बघेल और नव्या ने 92.8% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। यदि विषयवार प्रदर्शन की बात करें तो विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर विज्ञान में अमन कंसल ने 100% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। हिंदी विषय में भी उन्होंने 98% अंक प्राप्त किए। गणित में ईशाना सिंह ने 98%, सामाजिक विज्ञान में राजवर्धन सिंह ने 98%, अंग्रेजी में त्रिशा गोयल ने 97% तथा विज्ञान विषय में अर्घ्य आर्या और कीर्तिका ने 97% अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या सुनीता सिंह और मैनेजर तेजप्रकाश पांडेय सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी इसी तरह के उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान किया जाता रहेगा। इस सफलता ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## सत्यजय टाईम्स सेल्फी कॉर्नर



ललित कुमार (बल्लभगढ़द्ध)



ज्योति योगेश (बल्लभगढ़)



अनुराधा शर्मा (फरीदाबाद)



मोहित गुप्ता (बल्लभगढ़)

आप भी यदि इस कॉलम में अपना फोटो प्रकाशित कराना चाहते हैं तो उठाइए अपना मोबाइल फोन और आप अपने घर पर जो भी नया कर रहे हैं उसकी सेल्फी लें और भेज दें हमें नीचे लिखे व्हाट्सएप नंबर पर।
9811016963

## संपादकीय कार्यालय

खबरों व विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।
5आर-1 (प्रथम तल) नियर एच.डी.एफ. सी. बैंक बी.के. चौक एनआईटी फरीदाबाद।
मोबाईल नं-9811232533, 0129-4042533

स्वत्वाधिकारी (मुद्रक, प्रकाशक व मालिक) रूपेश कुमार बंसल द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस डी-85 सैक्टर-6 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर उत्तर-प्रदेश 201301 से मुद्रित कर मकान नम्बर- 35/ए न्यू कालोनी, रेलवे रोड़ (भाटिया क्रेन वाली गली) फरीदाबाद 121001 (हरियाणा) से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-विजय चौहान* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।